''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 256 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 01 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को पानीपत से बीमा सखी योजना का करेंगे शुभारंभ : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़/करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को हरियाणा के पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से जीवन बीमा निगम द्वारा प्रायोजित बीमा सखी योजना का देशभर के लिए शुरुआत करेंगे और साथ ही करनाल में 65 एकड़ में बने विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल करनाल में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, पूर्व सांसद संजय भाटिया समेत सात जिलों के जिला अध्यक्ष, चुनाव लड़े प्रत्याशी और विधायक शामिल हुए। पानीपत में होने वाले पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। आज की बैठक में प्रदेश में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर भी मंथन हुआ।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहुंचने पर प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया जाएगा। 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत की धरा से बीमा सखी योजना की शुरुआत और साथ ही करीब 65 एकड़ में लगभग 400 करोड़ रुपए की लागत से बने करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस का शिलान्यास कर करनाल वासियों को बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 9 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आज चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के लिए पानीपत से एक बड़ी योजना का शुभारंभ करेंगे जिसका देश भर की महिलाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में प्रदेश भर की महिला शक्ति भाग लेगी।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर मालविया नगर में पानी फेंकने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने जो जनता से वादे किए थे उन्हें पूरा भी करना चाहिए। पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा को अभी कांग्रेस विधायक दल का नेता नहीं चुना गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन्हें विधायक दल का नेता चुन लेगी तो कोठी अलॉट कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचा है। श्री सैनी ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कर रही है। प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की अपेक्षाओं को तीव्र गति से पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। नगर निगम चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार निगम चुनाव के लिए तैयार है। अभी भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है और जल्द ही निगम चुनाव होंगे। आज की बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के अलावा कुरूक्षेत्र, पानीपत, करनाल, सोनीपत, जींद, यमुनानगर, कैथल जिलों के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की मोजूदगी में 1500 छात्रों को दी गई डिग्रियां

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** मानव रचना विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं फरीदाबाद के विधायक श्री विपुल गोयल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



इस कार्यक्रम में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के 1500 से अधिक छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिससे समारोह का गौरव और बढ़ा।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अपने संबोधन में छात्रों को दीक्षांत ग्रहण करने पर बधाई देते हुए कहा कि आपने शिक्षा की वह संपत्ति अर्जित की है जिसे कोई आपसे छीन नहीं सकता। यह डिग्री आपके जीवन का एक ऐसा हिस्सा है, जो ताउम्र आपकी पहचान का प्रतीक बनेगी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह पूंजी है, जो जीवन के हर उतार-चढ़ाव में आपके साथ रहती है। यह डिग्री आपके ज्ञान का खाता है, जिसे कोई बंद नहीं कर सकता।

विपुल गोयल ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, समाज और राष्ट्र को दें और जीवन में उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी करें, उसमें अपने राष्ट्र को प्राथमिकता दें।

**मुख्य अतिथि ओम बिरला का संदेश**

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे भारतीय संस्कृति और सभ्यता को अपने जीवन का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, और इसमें युवाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

दीक्षांत समारोह के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विपुल गोयल ने रानी रामपाल के संघर्ष और सफलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें हरियाणा और भारत का गौरव बताया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. ओपी भल्ला को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन सत्या भल्ला, कुलाधिपति डॉ. प्रशांत भल्ला, और उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में सांसद अनुराग शर्मा और रानी रामपाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. दीपेंद्र कुमार झा, डॉ. संजय श्रीवास्तव, और डीसी विक्रम सिंह सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

## हरियाणा की नायब सरकार संकल्प पत्र के हर वादे को पूरा करेगी : पंडित मोहनलाल बड़ौली



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़/सिरसा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसमे हर एक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के जनहित व लोक कल्याणकारी कार्यों की बदौलत आज भाजपा का संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है और इस गौरव को पाने में जमीनी स्तर के हर एक कार्यकर्ता की अहम भूमिका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नायब सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी लगातार जनहित में कार्य करते हुए हर वर्ग को फायदा पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार संकल्प पत्र के हर वादे को पूरा करेगी। शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली सिरसा पहुंचे और बरनाला रोड स्थित पंचायत भवन में सिरसा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और सदस्यता अभियान की समीक्षा की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान के निमित दिए गए लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया। समीक्षा बैठक से पहले जिला अध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने पगड़ी पहनाकर व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर प्रदेशअध्यक्ष का स्वागत किया।

मोहन लाल बडौली ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर हमारे कार्यकर्ताओं में उत्साह है। डबल इंजन की सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार भाजपा से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाएं और लोगों को पार्टी की विचारधारा से प्रेरित कर भाजपा परिवार में शामिल करें।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर विधानसभा में समान रूप से विकास कार्य करा रहे हैं। सिरसा में भी मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेज की नींव रखकर एक बहुत बड़ा तोहफ़ा दिया, ताकि सिरसा ज़िला के लोगों को इलाज के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। श्री बड़ौली ने कहा कि तीसरी बार सरकार बनते ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में 24 हजार युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची नौकरी दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जितने भी वादे जनता के साथ किए हैं सभी वादों को एक-एक कर पूरा करने का काम नायब सरकार कर रही है। बैठक में ज़िला अध्यक्ष शीशपाल कम्बोज, प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, ज़िला प्रभारी वेदफूला, पूर्व ओएसड़ी जगदीश चोपड़ा, ज़िला संयोजक यतिंदर सिंह, रोहताश जांगड़ा, अमन चौपड़ा, मनीष सिंगला, प्रमोद कम्बोज, श्याम बजाज सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मानवता की सेवा और सामाजिक सद्भाव के लिए राधा स्वामी सत्संग ब्यास की भूमिका प्रेरणादायी है : बड़ौली**

समीक्षा बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली राधा स्वामी सत्संग ब्यास डेरा पहुंचे। यहां उन्होंने डेरा प्रमुख संत बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों से भेंट कर उनका स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री बड़ौली ने कहा कि डेरा राधा स्वामी सत्संग की भूमिका सामाजिक और धार्मिक उत्थान के क्षेत्र में अतुलनीय है। राधा स्वामी सत्संग ब्यास द्वारा मानवता की सेवा और सामाजिक सद्भाव हेतु निरंतर किए जा रहे कार्य अपने आप में अद्भुत और प्रेरणादायी हैं।

## एक्शन में दिखे खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, एफआईआर के निर्देश

### पलवल के कुशक बड़ौली गांव में राशन डिपुओं पर मारा छापा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**पलवल।** आज जिले के गांव कुशक बडोली में प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए राशन डिपुओं पर छापा मारा। इस दौरान मिलीं अनियमितताओं के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए। उनके साथ विभाग के अनेक अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार द्वारा जनता के हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिन पर भ्रष्ट लोग अपनी कुंडली मारकर बैठना चाहते हैं जिसको किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



मंत्री नागर ने कहा कि नायब सैनी सरकार जनता की सरकार है और इस सरकार में किसी भी भ्रष्टाचारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राशन डिपुओं पर जनता को निशुल्क राशन मिलता है जिसमें हेर फेर करके कुछ लोग जनता के हक पर डाका डालना चाहते हैं। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नागर ने पलवल जिले के गांव कुशक बडोली में कई डिपुओं पर छापा मारा। इस दौरान उन्हें अनाज में रेत मिला पाया गया जिस पर राजेश नागर नाराज हो गए। इसके अलावा अन्य जगहों पर अवैध रूप से सरकारी अनाज का भंडारण भी मिला। जिस पर उन्होंने फूड इंस्पेक्टर पर भी एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनता की सरकार चल रही है। इसलिए भ्रष्टाचारी कान खोल कर सुन लें कि वह अपनी दुकान बंद कर लें, नहीं तो सबके शटर गिराने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में लगातार जानकारियां मिल रही थी और पक्की सूचना मिलने पर हमने आज छापेमारी की। जिसमें सूचनाएं सही पाई गई और हमने मौके पर ही डीएसपी विजिलेंस को बुलाकर इन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री राजेश नागर ने जनता से भी अपील की कि वह अपने क्षेत्र में होने वाली इस तरह की घपलेबाजी की सूचना उच्च अधिकारियों को दें और अधिकारी यदि उनकी ना सुनें तो सीधे उनसे मिलें।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ जनता को मिल रही सुविधाओं की भी निरंतर जांच की जा रही है कि वह सही समय पर, सही हाथों में प्राप्त होती रहें। इसमें जनता को भी आगे बढ़कर सहयोग करना होगा। उन्होंने अपने साथ चल रहे खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तय कर लें कि इस तरह की शिकायतें दोबारा ना आएं।

## ओपन ट्रायल कुश्ती का आयोजन कल

**समाचार गेट /सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** हरियाणा द्वारा कुरूक्षेत्र मे आयोजित कराये जा रहे गीता जयंती समारोह पर दिनांक 12 दिसंबर को हरियाणा के खेल विभाग द्वारा गीता जयंती समारोह में कुश्ती दंगल का आयोजन कराया जा रहा है। इस दंगल को महिला और पुरुष दोनों के लिए रखा गया है इस बारे ज्यादा जानकारी देते हुए देवेन्द्र सिंह, जिला खेल अधिकारी, फरीदाबाद द्वारा बताया गया कि इसमे फरीदाबाद जिला की ओर से भाग लेने वाले पहलवानों के चयन हेतु दिनांक आज 1 दिसंबर को ट्रायल रखे गये थे जो अब कल दिनांक 2 दिसंबर को खेल परिसर सै सेक्टर 12 मे स्थित कुश्ती हॉल में जिसका ट्रायल आयोजित कराये जायेंगे। यह ओपन ट्रायल पुरुष एवं महिला श्रेणी के वर्ग के लिए है जिसमें पुरुष वर्ग श्रेणी मे वजन 79 कि.ग्रा. तथा 79 कि.ग्रा. से 97 कि.ग्रा.तक ऐवम महिला श्रेणी मे 62 कि.ग्रा. से नीचे वजन तथा 62 कि.ग्रा. से 76 कि.ग्रा. मे कराये जायेंगें। इस ट्रायल मे केवल हरियाणा निवासी पहलवान ही भाग ले सकते हैं । अत: जो भी पहलवान इस ट्रायल मे भाग लेना चाहता है, वह दिनांक 2 दिसंबर को खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद मे स्थित कुश्ती हॉल मे प्रात: 9.30 बजे रिर्पोट कर सकते हैं।

## सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मी कि विदाई समारोह का किया आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस परिवार के 4 सदस्य पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए है जिनकी विदाई समारोह का कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21-सी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होने अपना 35 वर्ष से भी अधिक समय पुलिस विभाग को दिया। इस दौरान उनका सर्विस रिकॉड अच्छा रहा, पुलिस विभाग में ड्युटी के दौरान पुलिसकर्मी अपना पर्याप्त समय परिवार को नही दे पाता है और ना ही वह अपने अरमानों को पूरा कर पाते है, उन्होने कहा की 58 वर्ष ज्यादा उम्र नहीं होती है व्यक्ति अपनी ख्वाहिशों व



अरमानों को पूरा कर सकता है। आप सभी अपने स्वस्थ जीवन जीये व अपनी अधूरी ख्वाईशों व अरमानों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अपने अनुभव को युवा पीढ़ी के साथ साझांइ करे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले सहायक पुलिस निरीक्षक जयभगवान, जफर इकबाल सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार और कुक राममेहर की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई।

## फरीदाबाद की बेटी मोनिका भाटी को छात्र नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित मानव रचना शिक्षण संस्थान के 20वें दीक्षांत समारोह में मोनिका भाटी को छात्र नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओम बिडला जी माननीय अध्यक्ष लोकसभा एवं गेस्ट ऑफ़ ऑनर हरियाणा सरकार कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल रहे। गौरतलब है की मोनिका भाटी बीजेपी के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी की पुत्री है। जो की मानव रचना शिक्षण संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रही है । 20वें दीक्षांत समारोह में छात्र नेतृत्व पुरस्कार से नवाजे जाने के बाद मोनिका भाटी ने अपने माता पिता को अपना प्रेरणास्रोत्र बताया है और कहा है की माता पिता ने उन्हें हर समय आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ने की शक्ति और मार्गदर्शन करते रहे है। मोनिका भाटी ने इस उपलबधि को अपने माता पिता को समर्पित किया है।




इस अवसर बीजेपी के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी ने कहा की उनकी दो पुत्री और एक पुत्र है उन्होंने कभी भी बेटा और बेटी में कोई भेदभाव नहीं किया। उन्होंने बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए विदेश भेजा आज एक बेटी कनाडा और दूसरी बेटी मानव रचना शिक्षण संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुकी है । वही बेटा भी स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। उमेश भाटी ने बताया की मोनिका भाटी पर्यावरण जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर स्टूडेंट्स डेलीगेट के साथ पीएम मोदी से भी मिल चुकी है। इसके आलावा पुणे में ओपन लोकसभा कार्यक्रम जिसमे देश भर से कई स्टूडेंट्स ने भाग लिया था उसमे बेस्ट सांसद स्पीच का ख़िताब भी अपने नाम कर चुकी है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी ने कहा की सरकार का नारा बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं को वह बुलंद कर रहे है वह और अभिभावकों से भी प्रार्थना करते है की बेटा हो या बेटी उनमे भेदभाव न करे। उन्हें उच्च शिक्षा देकर आगे बढ़ाने का काम करे।

## मेरा प्रिय गीता श्लोक प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के शुभ अवसर पर एक विशेष प्रतियोगिता मेरा प्रिय गीता श्लोक का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता उन लोगों के लिए एक शानदार अवसर है जो भगवद गीता के श्लोकों से प्रेरित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव कर चुके हैं। इस अनूठी पहल के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपने अनुभवों को साझा कर सकेंगे, बल्कि भगवद गीता के शाश्वत ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने में भी योगदान देंगे।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भगवद गीता के महान संदेश को विश्वभर में फैलाना और उन लोगों की कहानियों को उजागर करना है, जिन्होंने गीता के श्लोकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया है। इस आयोजन के तहत प्रतिभागियों को अपने प्रिय गीता श्लोक के बारे में एक छोटा वीडियो तैयार करना है, जिसमें वह यह बताएंगे कि यह श्लोक उनके जीवन में किस प्रकार से प्रेरणा का स्रोत बना। ये वीडियो My Favourite Shloka in Gita नामक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए जाएंगे, जहां इन्हें लाखों दर्शक देख सकेंगे।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वीडियो की अधिकतम अवधि 40 सेकंड रखी गई है। प्रतिभागियों को वीडियो के साथ टाइटल, अपना नाम, फोन नंबर और पता भेजना होगा। सभी प्रविष्टियां 11 दिसंबर 2024, शाम 5:00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी। वीडियो को ईमेल के माध्यम से shlokagita@gmail.com पर भेजा जा सकता है। प्रतियोगिता में विजेता का चयन सबसे अधिक देखे जाने वाले वीडियो के आधार पर किया जाएगा। इस विजेता को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

भगवद गीता न केवल भारत का आध्यात्मिक ग्रंथ है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू के लिए गहन मार्गदर्शन प्रदान करता है। मेरा प्रिय गीता श्लोक प्रतियोगिता के माध्यम से कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड इस शाश्वत ग्रंथ के ज्ञान को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास कर रहा है। यह पहल उन लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी जो गीता के ज्ञान से अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहते हैं।

यदि आपके जीवन में भगवद गीता के किसी श्लोक ने बदलाव लाया है, तो यह प्रतियोगिता आपके लिए है। अपनी कहानी साझा करें, अपने अनुभव को दुनिया के साथ बांटें और भगवद गीता के अनमोल संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में भागीदार बनें। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के इस अनूठे प्रयास में सहभागी बनकर आप न केवल अपनी बात कहेंगे, बल्कि गीता के ज्ञान को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में लगी आग, 200 बाइक जलकर खाक

### –बड़ा हादसा टला, शॉर्ट सर्किट मानी जा रही वजह, पुलिस जांच में जुटी

वाराणसी। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर अचानक भीषण आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से 200 बाइकें जलकर खाक हो गई। आग उस क्षेत्र में लगी, जहां रेलवे कर्मचारी अपने वाहन पार्क करते हैं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और जीआरपी–आरपीएफ ने आग पर काबू कर लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन पर खड़ी करीब 200 बाइक आग में जलकर खाक हो गई। घटना वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर–1 पर स्थित जीआरपी के पीछे बने रेलवे के बाइक स्टैंड की है, जहां रेलवे कर्मचारी अपने वाहन खड़ा करते हैं। रेलवे पुलिस ने कुछ बाइक्स को जलने से बचा लिया। प्रत्याशिदर्शी रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब 10ः30 बजे शॉर्ट सर्किट हुई थी, जिसे बनाने के लिए बिजली कर्मचारी आए भी थे, लेकिन फिर कुछ घंटे बाद दोबारा शॉर्ट सर्किट हो गई। इस कारण पेट्रोल भरी बाइक तक चिंगारी पहुंच गई और आग भड़क गई। अगर स्टेशन पर रेलवे का फायर सेक्शन होता तो यह घटना नहीं होती और घटना में बिजली विभाग की भी लापरवाही सामने आई है। वहीं, दूसरी तरफ जीआरपी के क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से करीब 200 बाइक जल गई है। घटना के पीछे फिलहाल कारण शॉर्ट सर्किट समझ में आ रहा है। आगे की जांच की जा रही है।

## आतंकवादियों से कथित संबंध, जम्मू कश्मीर में दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों को आतंकवादियों से कथित संबंधों के कारण सेवा से बर्खास्त किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इन कर्मचारियों की पहचान स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट अब्दुल रहमान नाइका और स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक जहीर अब्बास के रूप में हुई है। राज्यभवन के अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों को संविधान के अनुच्छेद 311 (2)(सी) के तहत बर्खास्त किया गया, जो कि एक विशेष प्रावधान है, जो राज्य के कर्मचारियों को उनके अपराधों के आधार पर सेवा से निष्कासित करने की अनुमति देता है। खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जांच में इन दोनों के आतंकवाद से जुड़े संबंध स्पष्ट रूप से सामने आए थे। उपराज्यपाल सिन्हा ने पिछले कुछ वर्षों में इसी प्रावधान के तहत कई कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश दिए हैं।

## महाकुंभ 2025 : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आस्था की नगरी में दिखेगा गौरव

### – किन्नर अखाड़े ने किया गंगा तट पर भूमि पूजन

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश में भारतीय संस्कृति और आस्था के महापर्व महाकुंभ 2025 की तैयारियां चारों ओर दिख रही हैं। शुक्रवार को गंगा नदी के किनारे स्थित लोकप्रिय किन्नर अखाड़े महाकुंभ के लिए भूमि पूजन किया, जिससे साफ हो गया कि इस बार के कुंभ का तत्परता से आयोजन किया जा रहा है। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने कहा ?कि किन्नर अखाड़े की ओर से इस बार कुंभ का आयोजन एक नई धारा लेकर किया जा रहा है – प्लास्टिक–मुक्त कुंभ हम इस संकल्प के साथ काम कर रहे हैं कि भारत को स्वच्छता का प्रतीक बनाने में मदद मिले। महामंडलेश्वर आनंद गिरी ने बताया ?कि किन्नर अखाड़े को इस बार सबसे महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, जिससे हमारा कुंभ प्रयागराज में और भी दिव्य और भव्य बनेगा। इस बार कि साज़ी–सजावट और समारोहों की प्रक्रिया बनाए रखने के लिए हम पत्तल का उपयोग करेंगे, जिससे पर्यावरण का भी ध्यान रखा जा सके। किन्नर अखाड़े में विदेशी और देशी किन्नरों के साथ–साथ ट्रांसजेंडर, और अन्य एलजीबीटी व्यक्ति भी इस बार किन्नर अखाड़े के पवित्र क्षेत्र में शामिल होंगे। जिससे इस क्षेत्र को एक नया पहलू मिलेगा। किन्नर अखाड़े के संतों ने उठाई पत्तल से प्लास्टिक–मुक्त कुंभ की मुहिम, जिससे दिखा समाज में जागरूकता और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में भारी महत्व दिया गया है। 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले कुंभ के संगीत, कार्यक्रम और पूजन की पूरी तैयारी भी चर्चित है। किन्नर अखाड़े ने जोरदार तैयारियों के साथ निरंतर भव्यता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दिखाया कि महाकुंभ 2025 उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक अविस्मरणीय अनुभव होने वाला है।

## एक्टर शरद कपूर पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

नई दिल्ली। कई फिल्मों में काम कर चुके बॉलीवुड के एक्टर शरद कपूर पर एक युवती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि एक्टर ने उन्हें अपने ऑफिस के बहाने घर बुलाया और फिर रेप की कोशिश की। युवती ने इस मामले की शिकायत पुलिस को दी है, पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर अभी एक्टर की तरफसे कोई बयान सामने नहीं आया है। पीड़ित युवती का आरोप है कि शरद कपूर के साथ वो फेसबुक के जरिए संपर्क में आई थीं। इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए दोनों की बात हुई। शरद ने उनसे कहा कि वे शूटिंग के सिलसिले में बात करने के लिए उनसे मिलना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने फोन के जरिए अपनी लोकेशन भेजी और उसे खार स्थित दफ्तर आने को कहा। लेकिन वहां जाने पर पता लगा कि यह उनका दफ्तर नहीं, घर है। युवती का कहना है कि जब वह शरद के खार स्थित इमारत के तीसरी मंजिल वाले घर पर पहुंचीं तो शरद किचन से बेडरूम की तरफगए। कुछ देर बाद शरद ने आवाज देकर उसे भी बेडरूम में बुलाया। जब वो बेडरूम के दरवाजे पर गई तो उसने देखा कि शरद बिना कपड़ों के वहां बैठे हुए हैं और ऐसे में युवती ने उन्हें कपड़े पहनकर बात करने के लिए कहा। शरद ने युवती को बाहों में भरने की कोशिश की और पीछे से गलत तरीके से पकड़ा। ऐसे में युवती ने शरद को धक्का दिया और वहां से भाग निकलीं। युवती एक एक्टर और प्रोड्यूसर हैं। शरद कपूर की इन हरकतों के बाद उन्होंने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है।

# महज राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे किसी चुनाव को नहीं जीता जा सकता

### –खड़गे ने स्टेट पार्टी यूनिट के जरिए राहुल गांधी को दिया मैसेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्टेट पार्टी यूनिट को साफ कहा कि महज राष्ट्रीय नेता और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे किसी चुनाव को नहीं जीता जा सकता है। इसके लिए जमीनी स्तर पर नेताओं को लोकल मुद्दों पर काम करना होगा। कांग्रेस पार्टी हरियाणा में जीत की बड़ी दावेदार होने के बावजूद भी चुनाव हार गई। महाराष्ट्र भी कांग्रेस समर्थित महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ा। खड़गे यह बात तो स्टेट पार्टी यूनिट से कर रहे थे लेकिन इसमें राहुल गांधी के लिए भी एक बड़ा मैसेज छुपा था।



लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के बाद से राहुल फ्रंटफुट पर आ गए थे और राज्य चुनावों को लीड कर रहे थे। संविधान बचाओ और जातिगत जनगणना को तब बड़ा मुद्दा बनाया गया था। कांग्रेस को इसका फायदा मिला भी लेकिन चाहे हरियाणा, महाराष्ट्र हो या फिर जम्मू-कश्मीर और झारखंड, इन्हीं मुद्दों को फिर से बीजेपी को घेरने में लगी कांग्रेस को फायदा नहीं हुआ।

बीजेपी ने पिछली गलती से सीख लेते हुए होमवर्क कर राज्य चुनावों में उतरी। वहीं, कांग्रेस राहुल गांधी और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे लोकल चुनाव जीतने की जुगत में लगी रही। बीजेपी बार-बार राज्यों में हार को राहुल गांधी की हार के तौर पर प्रोजेक्ट करती रही है। उधर राहुल गांधी के लिए भी एक साफ संदेश है कि उन्हें राज्यों के लिए अलग रणनीति के साथ चुनाव में उतरना होगा।

हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार से आहत खड़गे ने कहा कि पार्टी को विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा राज्य स्तर के मुद्दों पर भी ध्यान देना होगा और लोगों के मूड को बदलना सीखना होगा। पार्टी राज्य चुनाव लड़ने के लिए कब तक राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं पर निर्भर रहेगी। राज्य के मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हरियाणा में पार्टी के लिए सबसे बड़ी निराशा वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच की अंदरूनी कलह बताई जाती है।

खड़गे ने कहा कि हम चुनाव हार गए हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता बड़े मुद्दे हैं। जाति जनगणना भी आज एक मुद्दा है। संविधान, सामाजिक न्याय और सद्भाव जैसे मुद्दे लोगों के मुद्दे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम चुनावी राज्यों में स्थानीय मुद्दों को भूल जाएं। राज्यों के कई मुद्दों को समय रहते विस्तार से समझना और उनके इर्द-गिर्द एक ठोस अभियान रणनीति बनाना भी है। आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं की मदद से राज्य के चुनाव कब तक लड़ेंगे?

## भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया अडानी है : संजय सिंह



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने फिर केंद्र सरकार और कारोबारी गौतम अडानी पर निशाना साधा है। आप सांसद सिंह ने अडानी को लेकर विवादित टिप्पणी की है। संजय सिंह ने कहा, भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया गौतम अडानी है। आप नेता सिंह ने कहा भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया कोई है तब वह अडानी है। वह हिंदुस्तानियों की बिजली बांग्लादेशियों को बेच रहा है। बांग्लादेश से लगती हुई सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के हवाले है, तब कोई बांग्लादेशी दिल्ली तक कैसे आया और कोई आया भी है, तब केंद्र उस बाहर क्यों नहीं निकाल रही है? सिंह ने मोदी सरकार पर हमला कर कहा कि बीजेपी अब भारतीय झूठा और झगड़ा पार्टी बन चुकी है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था और अपराध के खिलाफ आवाज उठा रहे, बीजेपी और अमित शाह अपराध को रोकने की बजाय केजरीवाल को रोकने का प्रयास कर रहे है। सिंह का यह बयान केंद्र सरकार की नीतियों और अडानी समूह के कारोबार को लेकर आलोचना के रूप में आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश को बिजली सप्लाई के नाम पर अडानी समूह भारत के संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है।

## बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग को लेकर एमएनएफ और मणिपुर सरकार के बीच खटपट



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में जारी हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग ने विवाद पैदा कर दिया है। यह मांग भाजपा के सहयोगी दल मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने उठाई, जिसके बाद मणिपुर सरकार ने एमएनएफ पर तीखे हमले किए, यहां तक कि उन्हें देशद्रोही और म्यांमार समर्थक बता दिया।

दरअसल मिजो नेशनल फ्रंट ने मणिपुर की हिंसा के मद्देनजर सीएम सिंह के इस्तीफे की मांग की। उनका आरोप है कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बहाल करने और संकट का समाधान निकालने में विफल रही है। इस आरोप पर मणिपुर के सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) ने एमएनएफ पर गंभीर आरोप लगाकर कहा कि वह देशद्रोही है और म्यांमार के शरणार्थियों का समर्थन करती है। बयान में एमएनएफ पर म्यांमार से अवैध घुसपैठ, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी को बढ़ावा देने के आरोप लगाए गए। बात दें कि मणिपुर में संकट का बड़ा कारण म्यांमार से अवैध प्रवासियों का आगमन और ड्रग्स की तस्करी मानी जाती है। राज्य में लंबे समय से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष चल रहा है। एनएमएफ का बीरेन सिंह पर निशाना इस समुदायिक तनाव के बीच और अधिक उग्र हो गया है।

एमएनएफ भाजपा के साथ नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) का हिस्सा है, लेकिन मणिपुर सरकार पर उठाए गए सवालों ने दोनों दलों के रिश्तों में दरार पैदा कर दी है। यह विवाद भाजपा के लिए नॉर्थ-ईस्ट में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने की चुनौती बन सकता है, खासकर 2024 के चुनावों के मद्देनजर। मणिपुर में हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता ने राज्य की स्थिति को और जटिल बना दिया है।

# महाराष्ट्र में सरकार के गठन में देरी, एमवीए नेता शरद पवार और संजय राऊत ने कहा ये जनादेश का अपमान

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए 8 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस लेकर महायुति में फैसला नहीं हुआ है। इस अनिर्णय की स्थिति ने विपक्षी गठबंधन, महा विकास अघाड़ी के नेताओं को महायुति पर निशाना साधने का मौका दे दिया है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में जनादेश का सम्मान नहीं हो रहा, जो अच्छी बात नहीं है।



एनसीपी (एसपी) प्रमुख पवार ने कहा, दिलचस्प बात ये है कि इतना स्पष्ट बहुमत होने के बाद भी अभी तक सरकार नहीं बन सकी है। इससे साफ है कि जनता द्वारा दिया गया बंपर बहुमत उनके (महायुति) लिए कोई मायने नहीं रखता। जो कुछ भी चल रहा है वह महाराष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में हाल फिलहाल में जो चुनाव हुए हैं उससे लोगों में काफी बेचैनी है, लोगों में निराशा है। शरद पवार ने आरोप लगाया कि इस बार महाराष्ट्र चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग और पैसे का इस्तेमाल बखूबी हुआ है। इसके चलते लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। जब विपक्षी नेता संसद में इस मुद्दे पर सवाल उठाते हैं, तब उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। हर दिन सुबह 11ः00 बजे विपक्षी नेता संसद में अपनी बात रखने के लिए आकर कहते हैं कि उन्हें अपने मुद्दों पर बोलने दिया जाए। लेकिन उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं। अब जनता को खुद एक जन आंदोलन शुरू करना चाहिए।

बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आढाव ने पुणे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के खिलाफ एक आंदोलन शुरू किया है और चुनावों में इसके इस्तेमाल को धोखाधड़ी बताया है। 90 वर्षीय बाबा आढाव ने 28 नवंबर को प्रतिष्ठित समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के निवास फुले वाडा में अपना 3 दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। इस विरोध के आखिरी शनिवार को शरद पवार उनसे मिलने पहुंचे।

इस मुलाकात के दौरान पवार ने कहा, सत्ता जिनके हाथों में है उन्हें इस बारे में कोई चिंता नहीं है। यह पूरे देश का प्रश्न है। संसद में विपक्ष के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो रही और इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि संसदीय लोकतंत्र का ठीक से पालन नहीं हो रहा है। सच कहूं तब जनता जागरूक है और इसीलिए उसे खुद एक जनआंदोलन शुरू करना चाहिए। आज बाबा आढाव जो आंदोलन कर रहे हैं, यह वैसा ही एक जन आंदोलन है। मुझे विश्वास है कि यह जो आंदोलन है, उसका परिणाम आज नहीं तब कल जरूर दिखेगा।

इधर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन में हो रही देरी पर कहा, बीजेपी की क्या मजबूरी है। मोदी और शाह से सब डरते हैं। लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी सीएम क्यों नहीं बन रहा है? एकनाथ शिंदे अपने गांव जाकर बैठ गए हैं। शपथ ग्रहण कब होगा, किसी को जानकारी नहीं है। वहीं शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा, सीएम शिंदे को जब भी कुछ सोचना होता है, सोचने के लिए जब वक्त चाहिए होता है, तब वह अपने गांव जाते हैं। बड़ा निर्णय लेना होता है, शिंदे वह गांव जाते हैं।

## विदेश मंत्रालय ने राहुल गांधी के बाइडेन और पीएम मोदी के याददाश्त कमजोर वाले बयान की निंदा की

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याददाश्त कमजोर होने की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जो बहुआयामी साझेदारी है, वह कई वर्षों की मेहनत, आपसी सम्मान और दृढ़ता से बनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, हम ऐसी टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं। यह भारत और अमेरिका के मधुर और मैत्रीपूर्ण रिश्तों के अनुरूप नहीं है, और यह भारत सरकार के दृष्टिकोण को नहीं दिखाती है। राहुल गांधी ने 16 नवंबर को अमरावती में एक रैली के दौरान यह टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ''ऐसा लगता है कि बाइडन की तरह मोदी की भी याददाश्त कमजोर हो रही है।''

# चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस नेता की विवादित टिप्पणी, कुत्ता भी वफादार होता

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी की है। कांग्रेस नेता राठौड़ ने कहा है कि कुत्ता भी वफादार होता, भाई जगताप के ऐसा कहने से कुत्ते की बेइज्जती हो रही है। राजेश राठौड़ ने कहा, भाई जगताप के इस आरोप से कुत्ते की बेइज्जती हो जाएगी। उन्हें शब्दों के चयन में धोखा हो गया होगा। कुत्ता भी कुछ समझ कर काम करता है, हमें लगता है कि उनके बयान से कुत्ते जैसे वफादार पशु का अपमान हो रहा है।



दरअसल महाराष्ट्र के विधान परिषद सदस्य भाई जगताप ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी करते हुए आयोग की तुलना कुत्ते से की थी। इस पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के नेता इस असंसदीय भाषा करार देकर उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता राठौड़ ने इसकी अलग अंदाज में व्याख्या कर रहे हैं।

दरअसल भाई जगताप ने चुनाव आयोग पर विवादित टिप्पणी में कहा था, मैंने 45 से अधिक साल राजनीति में बिताए हैं और महाराष्ट्र में इस तरह के नतीजे नहीं आए हैं। इन्होंने ऐसा कुछ काम नहीं किया है। मैं पहले से कहता आया हूं कि आज नहीं तब कल इस पर बातचीत होनी चाहिए। कांग्रेस ने मांग की है चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। हमारा लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उस लोकतंत्र पर कोई सवाल उठाता है, तब इसका जवाब चुनाव आयोग और सरकार को देना चाहिए। चुनाव आयोग तो कुत्ता है। कुत्ता बनकर नरेंद्र मोदी जी के बंगले के बाहर बैठता है। उन्होंने ईवीएम को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा था, मैंने ये नहीं कहा कि ईवीएम हैक किया गया। मैं कह रहा हूं कि ईवीएम सेट और टेंपर किया गया है। दोनों शब्द अलग-अलग है। ये कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। इन्होंने सबसे पहली कोशिश मध्य प्रदेश में की।

# आरएसएस ने की हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की अपील

### –होसबोले ने कहा–बांग्लादेश सरकार और अन्य एजेंसियां बनी हैं मूकदर्शक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चिन्मय कृष्ण दास की बांग्लादेश में गिरफ्तारी को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कड़ी आपत्ति जताई है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय में भारत और वैश्विक समुदाय एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए और अपनी-अपनी सरकारों से हरसंभव प्रयासों की मांग करना विश्व शांति और भाईचारे के लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं और आरएसएस इसकी भर्त्सना करता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान बांग्लादेश सरकार और अन्य एजेंसियां इसे रोकने की जगह मूकदर्शक बनी हैं। बांग्लादेश के हिंदुओं द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन पर अन्याय और अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। आरएसएस भारत सरकार से यह आह्वान करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखे तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाएं। विश्व हिंदू परिषद का मानना है कि विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को संज्ञान में ले और बांग्लादेश पर अत्याचार रोकने का दबाव बनाए। विहिप ने कहा कि हम चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हैं और बांग्लादेश सरकार से किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी या धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण के गिरफ्तार करने की मानसिकता से बचने की अपेक्षा करते हैं।

# भोपाल गैस त्रासदी: गंभीर रूप से बीमार लोगों को अधिक मुआवजे के लिए शीर्ष अदालत में याचिका दायर

**भोपाल(एजेंसी)।** दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक आपदा भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए काम करने वाले चार संगठनों ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कैंसर और किडनी विकारों से ग्रस्त पीड़ितों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है। दो और तीन दिसंबर 1984 की मध्य रात्रि में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस के रिसाव के बाद कुल 5,479 लोग मारे गए थे और पांच लाख से अधिक लोग शारीरिक रूप से प्रभावित हुए थे।

'भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन' की रचना ढींगरा ने यहां संवाददाताओं से कहा, पीड़ितों को दिए गए मुआवजे में हुए अन्याय को दूर करने के लिए दो दिन पहले याचिका दायर की गई है। हमें उम्मीद है कि इस पर तीन दिसंबर को सुनवाई होगी, जो भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा कि याचिका में कैंसर और किडनी की बीमारियों से पीड़ित उन लोगों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग की गई है, जिनके स्वास्थ्य को गैस के संपर्क में आने से हुए नुकसान को गलत तरीके से अस्थायी श्रेणी में रखा गया है। ढींगरा ने आरोप लगाया, यूनियन कार्बाइड के अपने दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'मिथाइल आइसोसाइनेट' के संपर्क में आने से स्वास्थ्य को होने वाली क्षति स्थायी प्रकृति की है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आधिकारिक एजेंसी ने मुआवजे के 93 प्रतिशत दावों को अस्थायी क्षति के तौर पर माना और गैस पीड़ितों को अपर्याप्त मुआवजा मिलने के पीछे यही मुख्य कारण है। सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत दायर आवेदनों के माध्यम से प्राप्त जानकारी साझा करते हुए, भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संगठन की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा, आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, कैंसर से ग्रस्त 11,278 पीड़ितों में से 90 प्रतिशत और घातक किडनी रोगों से ग्रस्त 1,855 पीड़ितों में से 91 प्रतिशत को अनुग्रह राशि के अलावा मुआवजे के रूप में केवल 25,000 रुपये मिले हैं।' भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के बालकृष्ण नामदेव ने दावा किया कि उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. एस. मुरलीधर ने शीर्ष न्यायालय में चारों गैर सरकारी संगठनों की याचिका प्रस्तुत करने पर सहमति व्यक्त की है। भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने 1991 और 2023 के उच्चतम न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए दावा किया कि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को मुआवजे में किसी भी तरह की कमी को केंद्र सरकार द्वारा पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कमी के स्पष्ट मामले को सुधारने के लिए कैंसर और घातक किडनी रोगों से पीड़ित जीवित लोगों के लिए कम से कम पांच लाख रुपये के अतिरिक्त मुआवजे के लिए हमने याचिका दायर की है।



# वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग के लिए जांच व माप शिविर लगाया

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन ने मानव जनहित एकता परिषद, नवप्रयास सेवा संगठन, लोधी राजपूत जन कल्याण समिति एवं वासी प्रवासी कल्याण एसोसिएशन के साथ मिलकर डबुआ कॉलोनी स्थित विश्वास कान्वेंट स्कूल में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों के लिए जांच व माप शिविर लगाया गया, जिसमें 98 लोगों ने भाग लिया । एम आई एस एफ के संरक्षक अजीत पटवा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य होता है कि जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उनकी जरूरत को पूरा करने में यथा संभव प्रयास करना और इसी कड़ी में उपरोक्त संस्थाओं ने भरपूर साथ दिया, जिसमें मुख्य भूमिका एडवोकेट सचिन तंवर ने निभाई। खान पान की व्यवस्था विश्वास कान्वेंट स्कूल द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के कृत्रिम अंग लगने हैं उन्हें आईएमटी में स्थित एलिमको संस्थान में जाना होगा, वहाँ निशुल्क अंग प्रत्यारोपित किया जाएंगे और जिन लोगों को कान की मशीन, व्हील चेयर, वॉकर, स्टिक, ट्राई साइकिल आदि उपकरण की आवश्यकता है उन्हें 3 दिसम्बर 2024 विश्व दिव्यांग दिवस के दिन ऐलिमको मे वितरित किया जाएगा और वरिष्ट नागरिकों को जो सामान मिलना है वह माह दिसंबर की 6 तारीख को सुबह 10 बजे बालवीर दिव्यांग पाठशाला 1 के ब्लॉक के



कम्यूनिटी सेंटर जो पोथीमला गुरुद्वारा के सामने है (संतों के गुरुद्वारा के सामने सरकारी स्कूल के पीछे ) पर निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। जिन लोगों के जो सामान फिक्स हुवे है उनके पास टेलीफोन किए जाएंगे ।

अजीत पटवा ने बताया कि एसजीएम नगर स्थित देवेंद्र कुमार स्मृति भवन पर कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र जल्द ही शुरू होने जा रहा है, इसके अलावा वहां पर मात्र 50 में रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन, चुंबकीय कुर्सी, जैसे जांच का कार्य भी शुरू करने की योजना हैं, वहां पर एक्यूप्रेशर से लाइलाज बीमारियों के इलाज भी मात्र 50 में होता है। 1 नंबर के ब्लॉक में बालवीर दिव्यांग पाठशाला में एक वधिर एवं मंदबुद्धि बच्चों के शिक्षा और विकास का कार्य निरंतर चल रहा है। एक विशेष काम जो पूरे एनसीआर में फरीदाबाद से शुरू किया गया है वह है स्टेम सेल दानदाता पंजीकरण करके असाध्य बीमारी जैसे थैलेसीमिया, रक्त कैंसर, प्लास्टिक एनीमिया जैसे बीमारियों का स्टेम सेल प्रत्यारोपण से उनका जीवन बचाया जा सके। श्री पटवा ने फरीदाबाद की 18 से 50 वर्ष की जनता से आह्वान किया कि जीवन संरक्षण हेतु स्टेम सेल दानदाता बनने के लिए पंजीकरण करवाए। फरीदाबाद रोटी बैंक मे अन्न सेवा मे भी लाभ लेने का आग्रह किया । अन्य सेवा में भागिता हेतु अपील की गई।

इसके अलावा केंप में मानव रचना यूनिवर्सिटी की तरफ से दांतों की जांच और नेत्रालय द्वारा आँखों की जांच भी की गई और राज कुमार अरोरा द्वारा एक्यूप्रेशर से इलाज भी किया गया । इस अवसर पर अनुव्रत समिति के अध्यक्ष लाजपत राय जैन, पूनम चंद लूनीया, मुकेश जैन ने उपस्थित होकर स्कूल के बचो को जीवन विज्ञान, अनुशासन व नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया । उनकी उपस्थिति में विश्वास स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप गुप्ता, उनकी धर्म पत्नी ज्योति गुप्ता एण्ड समाज सेवी सचिन तोमर का विशेष प्रकार का पटका पहना कर बहुमान किया गया ।

इस केंप से पहले बालवीर दिव्यांग पाठशाला मे सुबह 9 बजे रोटरी क्लब एक्स्लेन्सी द्वारा उनके अध्यक्ष विकास गारोडिया, संदीप गिरधर, श्वेता गिरधर और अन्य सदस्यों ने सभी बचों को खाने पीने का सामान देकर अपने सदस्यों का जन्म दिवस मनाया ।

इस अवसर पर विश्वास कान्वेंट स्कूल के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सुनील यादव संतोष यादव, लाखन सिंह लोधी, भुवनेश्वर शर्मा, संजीव कुशवाहा, प्रमोद सचदेवा, अमित जैन, आकाश नगर, निधि ठाकुर, आशीष, योगेश कोली, मनोज कोली, मंजीत सिंह, रूप सिंह लोधी, अशोक शर्मा, सुमित रावत और कई संस्थाओं के पदाधिकारी उपसथित थे।

# श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट महावीर मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट ( रजि0) श्री महावीर मंदिर (प्राचीन हनुमान मंदिर) महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद का 77वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग (टोनी पहलवान), स्पेशल एचीवर्स की चेयरपर्सन कुमारी माधवी हंस, सतपाल चौधरी, अनिल गुप्ता सचिव, अनिल वर्मा, धर्मवीर चौधरी, धीरज वधवा, टीटू मटके वाला, सुनील शर्मा, केडी शर्मा, किशन शर्मा, चरणसिंह सैनी, योगेश चावला, पंडित शिवराम शर्मा, प्रेमवीर सिंह,विनोद कुमार, रमेश चौधरी, पिन्टू सैनी, सुरेन्द्र सैनी, योगेश चावला, बिशन नागपाल, पंडित सत्यम शास्त्री जी व समस्त महिला मंडल गुरुद्वारा महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद सभी ने मिलकर हवन किया। इसके उपरांत प्रसाद वितरित किया गया।



इस अवसर पर टेकचन्द नन्द्राजाग (टोनी पहलवान), अनिल गुप्ता व केडी शर्मा ने कहा कि हर वर्ष मंदिर का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते है। बजरंगबली के इस मंदिर की मान्यता है कि सच्चे दिल से यहां जो भी मांगता है उसकी मनोकामना पूरी होती है। उन्होनें कहा कि इस दिन को यादगर बनाने के एक बस हरिद्वार जा रही है जहां भक्त गंगा में डुबकी लगाकर स्नान करेगें। उन्होनें इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों का दिल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्पेशल एचीवर्स की चेयरपर्सन कुमारी माधवी हंस ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा बढता है।

ईश्वर ने महान कार्य करने के लिए मानव का सृजन किया है। इसलिए कमजोर,बुजदिल नहीं ब्लकि भय रहित होकर समर्पन भावना से कार्य करें।

# एनसीबी हरियाणा द्वारा 2511 जागरूकता कार्यक्रम करके 16 लाख 49 हज़ार 900 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा पंचकूला में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 22 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया। हरियाणा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा पुलिस और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो दो प्रकार से कार्य कर रही है। प्रथम नशा बेचने वाले लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और कोई व्यक्ति अशिक्षा, अज्ञानता, धन के लोभ, कर्तव्य विमुखता और भ्रष्ट आचरण से प्रभावित होकर नशे की दलदल में न जाए, इसीलिए प्रतिदिन हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता



कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहे। वे आज शहीद रोहित कौशल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जालौली में पहुंचे। विद्यालय की प्राचार्या संगीता की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 242 विद्यार्थियों और 14 शिक्षिकाओं ने भाग लिया। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि हरियाणा में ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में 2511 जागरूकता कार्यक्रम करके 16 लाख 49 हज़ार 900 से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चूका है। इतना ही नहीं हरियाणा में नशे में ग्रस्त हो चुके 572 से अधिक युवाओं को निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा उपचार कराया गया है। हरियाणा में ब्यूरो द्वारा 9050891508 एक हेल्पलाइन नंबर प्रसारित किया गया है जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त अभियान में सहयोग कर सकता है। डॉ. वर्मा ने शपथ दिलाई और कविता के माध्यम से कहा कि नशा मुक्त होगा हरियाणा मिलकर सारे जोर लगाना।

# विश्व एड्स दिवसः उपचार नहीं, ज्ञान ही जागरूकता एवं बचाव है




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने एड्स ज्ञान बचाए जान विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि वर्ल्ड एड्स डे मनाने का उद्देश्य एच आई वी संक्रमण के कारण होने वाली महामारी एड्स के बारे में हर आयु के व्यक्ति के बीच जागरूकता बढ़ाना है।

एड्स आज के आधुनिक समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार अब तक तीन करोड़ सत्तर लाख से भी अधिक व्यक्ति एच आई वी के शिकार हो चुके हैं जबकि भारत सरकार द्वारा दिए गए आकड़ों के अनुसार भारत में एचआईवी के रोगियों की संख्या लगभग तीस लाख से भी अधिक है। एच आई वी एड्स एक प्रकार के जानलेवा इंफेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है। इसे चिकित्सा भाषा में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस अर्थात एचआईवी के नाम से जाना जाता है। इसे सामान्य बोलचाल में एड्स अर्थात एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम के नाम से जाना जाता हैं। इसमें जानलेवा इंफेक्शन व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रहार करता है जिस से शरीर सामान्य बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाता। इस अवस्था में प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से कोई भी बीमारी शीघ्र ठीक नही होती। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि जब एच आई वी का ट्रीटमेंट नहीं किया जाता है तो एड्स हो सकता है।

एड्स एचआईवी की तीसरी और एडवांस्ड स्टेज है। विश्व एड्स दिवस के लिए इस वर्ष की थीम उचित मार्ग अपनाएं रखा गया है। एड्स की रोकथाम में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इस थीम को चुना गया है। साथ ही अब तक एड्स के बचाव में समाज ने जो महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं उनकी सराहना करने के लिए भी इस थीम को चुना गया है। एड्स या एचआईवी के बारे में समाज में व्याप्त गलत अवधारणा के कारण इसकी रोकथाम करना काफी कठिन होता है। समाज में नीची नजरों से देखे जाने के कारण सामान्य जन खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है। इस स्थिति को बदलने के लिए उचित मार्ग अपनाएं का थीम चुना गया हैं। प्रत्येक वर्ष की थीम को विश्व एड्स अभियान की वैश्विक स्टीयरिंग कमेटी द्वारा चुना जाता है।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा, प्राध्यापिका गीता, प्राध्यापक रविंद्र एवम अन्य अध्यापकों ने बालिकाओं को एड्स से जागरूक करने के लिए बनाए पोस्टर की बहुत प्रशंसा की और परिवार में एवम मित्र जनों को भी एड्स से जागरूक करने की अपील की।

# अभिषेक गोस्वामी की पहल पर बाटा पुल के नीचे लाईटें लगी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी की पहल के बाद अब निगम प्रशासन ने बाटा पुल के नीचे स्ट्रीट लाईटों को लगाने का काम शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि युवा समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी ने जुलाई माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व रेल प्रशासन से न्यू टाऊन फरीदाबाद रेलवे स्टेशन की सडक़ नालों की सफाई व निर्माण तथा स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाकर पत्र भेजा



था। जिसके बाद पहले लोकसभा चुनाव और बाद में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगाने की वजह से कार्य नहीं हो पाए थे। श्री गोस्वामी ने एक बार पुनः पत्र व्यवहार किया। जिसके बाद निगम प्रशासन ने बाटा पुल के नीचे स्ट्रीट लाईट लगाने का काम शुरू कर दिया है साथ ही नालों की सफाई पहले ही निगम प्रशासन ने करवा दी थी।

श्री गोस्वामी ने बताया कि रात्रि के समय लाईट न होने की वजह से असामाजिक तत्व महिलाओं के परेशान करते थे साथ ही लूटपाट होने की संभावना अधिक बनी रहती थी। उन्होंने निगम प्रशासन से टूटी सडक़ रिपयेरिंग व नव निर्माण करने की मांग की है।

साथ ही रेल मंत्री से न्यू टाऊन रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले मार्ग पर कुछ स्थानों पर टाईल्स लगवाने, एक और नया टिकट घर बनवाने, साथ ही बाटा पुल से स्टेशन पर उतरने के लिए नया आरओबी बनवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस स्टेशन से रोजाना करीब 5 से सात लोग दिल्ली व अन्य शहरों में नौकरी करने के लिए ट्रेन पकड़ते है।

# एसएसए यूनिर्वसिटी व कोबसे ने गेस्ट ऑफ ऑनर अवार्ड से मोहन तिवारी सम्मानित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** शहर सेक्टर 12 फरीदाबाद निवासी समाजसेवी, अनशनकारी, डॉ. मोहन तिवारी ने शुक्रवार को दिल्ली के लाजपत नगर भवन ऑडोटोरियम हाल में एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड व भारतीय काउंसिल स्कूल एजुकेशन (कोबसे) द्वारा आयोजित हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरिमनी में बतौर गेस्ट ऑफ़ ऑनर शिरकत किए। अनशनकारी, डॉ.मोहन तिवारी द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर काउंसिल ऑफ भारतीया स्कूल एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. तरुण अरोरा ऐडवोकेट, पूर्व शिक्षा जिलाधिकारी आशा दहिया व एसएसए यूनिवर्सिटी के तरफ से गेस्ट ऑफ़ ऑनर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ.मोहन तिवारी को हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री, विधायक ने उन्हे सामाजिक कार्यो को चलते सम्मानित किया है। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर इनकम टैक्स कमिश्नर रैंक के अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया है। अभी हाल में भारती विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी दिल्ली के डायरेक्टर, महान कलमकार, कवि, दिल्ली पुलिस के पदाधिकारियो, दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि आदि के मौजूदगी में उन्हें सम्मानित किया गया है।



समाजसेवी डॉ मोहन तिवारी ने कहा की सम्मान पाना आसान नही है, उससे बडी है सम्मान द्वारा मिली जिम्मेदारी पर खरा उतरना। डॉ मोहन तिवारी ने कहा की जितनी बार समाज सम्मान देता है उतनी ही समाज के प्रति जिम्मेदारी और बढती चली जाती है।

अनशनकारी मोहन तिवारी आगे बताते हैं कि सम्मान पाने वाले ब्याक्ति से समाज की भी उम्मीदें बढ जाती है, इस लिए ही मैंने भी उस जिम्मेदारी को समझा और समाज हित मे अनेको बार धरना, प्रदर्शन, आंदोलन और अनशन करना पडा। मोहन तिवारी ने कहा की स्थानीय क्षेत्र में तो लोग मुझे समाजसेवी, अनशनकारी, आंदोलनकारी मोहन तिवारी कहने लगे हैं। उन्होने कहा कि मै समाज के लिए हमेशा समर्पित रहता हूँ समाज के लिए जीता, समाज के लिए मरता हूँ और समाज में बेहतर करने के लिए दिन रात सोचता रहता हूं। ईश्वर की कृपा हैं कि मै लोगों के काम आता हूँ।

## महिलाएं करें सुषमा स्वराज पुरुस्कार के लिए 02 दिसम्बर तक आवेदन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनायें चलायी जा रही हैं। इसी कड़ी में विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलबधियां हासिल करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार देने के लिए 02 दिसम्बर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। ये पुरुस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जायेगा। डीसी ने बताया कि राज्य द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलबधियां हासिल करने वाली व महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार में 5 लाख रुपए नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शाल शामिल है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए कम करती हो नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए। पात्र महिलाएं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद, कमरा नंबर 205–, लेबर कोर्ट सेक्टर 12, फरीदाबाद कार्यालय में 02 दिसम्बर 2024 तक स्वयं उपस्थित होकर विभाग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार आवेदन करें। आवेदन के नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# विधायक सतीश फागना ने 5 करोड़ से ज्यादा की लागत से होने वाले कार्यों का मुहूर्त किया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ पूर्व कैबिनेट मंत्री और बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा और एनआईटी से विधायक सतीश फागना ने वार्ड 1 में लगभग पाँच 5 करोड़ से जूयादा की लागत से होने वाले कार्यों का मुहूर्त किया।

इस मौक़े पर वार्ड एक निवासी मुकेश डागर, सूरज डागर, धर्मसिंह सहित झाड़सेंतली के गणमान्य लोगो ने दोनों विधायकों का फूल मालाओं से ज़ोरदार स्वागत किया । इस मोके पर स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल फुड़वाकर राजीव कालोनी के अटल पार्क में एक करोड़ पचास लाख की लागत से होने वाले सोंदरकर्ण कार्य का शिलान्यास किया।

इसके उपरांत झाड़सेंतली गांव में एक 1 करोड़ 63 लाख की लागत से जोहड़ के सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास ,इसके अलावा गांव झाड़



सेतली की पिछोला कुंआ सौंदर्यीकरण ,रास्ता बीसा चौपाल सौंदर्यीकरण ,बंगला चौपाल से बड चोक तक का रास्ता,शहीद भगत सिंह पार्क का सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास साथ समयपुर गाव के रास्ते के अलावा साथ धर्म सिंह और भीम के मकान तक रास्ते के निर्माण कार्य का नारियल स्थानीय लोगो के हाथो तुड़वाकर कार्य की शुरुआत कराई । विधायक पं मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी इलाकों में समान विकास कार्य करने का कार्य किया गया है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने का काम के रही हे। विधायक सतीश फागना ने कहा की भाजपा के सभी विधायक फरीदाबाद के विकास को लेकर मिलकर कार्य करेगे। उन्होंने कहा की एनआईटी की जनता ने उनके उपर जो भरोसा दिखाया है उस पर वे खरा उतरने का काम करेगे।

## संपादकीय

# धर्म के बिना अर्थ नहीं टिकता



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष, इन चारों बातों पर विचार करके मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है। प्राचीन काल में भी ऐसा कतई नहीं हुआ है। अगर, ऐसा हुआ होता तो भारत सोने की चिड़िया कैसे बनता? हां, भारत के प्राचीन शास्त्रों में यह जरूर कहा गया है कि अर्थ और काम को बेलगाम नहीं छोड़ना चाहिए। अर्थ और काम को मर्यादा में ही रहना चाहिए। धन अर्जित करने पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है परंतु यह धर्म का पालन करते हुए कमाना चाहिए। अर्थात, अर्थ को धर्म के साथ जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार काम को भी धर्म के साथ जोड़ा गया है। उपभोग यदि धर्म सम्मत और मर्यादित होगा तो इस धरा का दोहन भी सीमा के अंदर ही रहेगा। अत: कुल मिलाकर अर्थशास्त्र में भी नैतिकता का पालन होना चाहिए। प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं वर्तमान अर्थशास्त्र में यह भी एक बहुत बड़ा अंतर है। आजकल कहा जाता है कि नीति का अर्थशास्त्र से कोई लेना देना नहीं है। जबकि वस्तुत: ऐसी कोई भी अर्थव्यवस्था, अर्थतंत्र और विकास का कोई भी तंत्र जिसमें नैतिकता को स्वीकार न किया जाय वह चल नहीं सकती और वह समाज का भला नहीं कर सकती।

अर्थ को प्रदान किए गए महत्व के चलते ही प्राचीनकाल में भारत में दूध की नदियां बहती थीं, भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, भारत का आध्यातमिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में बोलबाला था। भारत के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक बहुत सम्पन्न हुआ करते थे। कृषि उत्पादकता की दृष्टि से भी भारत का पूरे विश्व में डंका बजता था तथा खाद्य सामग्री एवं कपड़े आदि उत्पादों का निर्यात भारत से पूरे विश्व को होता था। भारत के नागरिकों में देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी रहती थी तथा उस खंडकाल में भारत का वैभव काल चल रहा था, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में नागरिक आपस में भाई चारे के साथ रहते थे एवं आपस में सहयोग करते थे। केवल 'मैं' ही तरक्की करूं इस प्रकार की भावना का सर्वथा अभाव था एवं 'हम' सभी मिलकर आगे बढ़ें, इस भावना के साथ ग्रामीण इलाकों में नागरिक प्रसन्नता के साथ अपने अपने कार्य में व्यस्त एवं मस्त रहते थे।

प्राचीन काल में भारत में भव्यता के स्थान पर दिव्यता को अधिक महत्व दिया जाता रहा है। भव्यता का प्रयोग सामान्यत: स्वयं के विकास के लिए किया जाता है। जबकि दिव्यता का उपयोग समाज के विकास में आपकी भूमिका को आंकने के पश्चात किया जाता है। भव्यता दिखावा है, भव्यता प्रदर्शन है, अत: केवल भव्यता के कारण किसी का जीवन ऊंचाईयों को नहीं छू सकता है, इसके लिए दिव्यता होनी चाहिए, अर्थात समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक कार्य करना होता है।

अर्थ को धर्म से जोड़ने के साथ ही, प्रकृति के संरक्षण की बात भी भारतीय पुराणों में मुखर रूप से कही गई है। भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति के अनुसार नदियों, पहाड़ों, जंगलों, जीव जंतुओं में भी देवताओं का वास है, ऐसा माना जाता है। इसीलिए यह कहा गया है कि इस पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों का दोहन करें, शोषण नहीं करें। सर जगदीश चंद्र बसु ने एक परीक्षण किया और इस परीक्षण के माध्यम से यह सिद्ध किया कि पेड़ पौधों में भी वैसी ही संवेदना होती है जैसी मनुष्यों में संवेदना होती है। जिस प्रकार मनुष्य रोता है, हंसता है, प्रसन्न होता है, नाराज होता है, इसी प्रकार की संवेदनाएं पेड़ पौधों में भी पाई जाती हैं। सर जगदीश चंद्र बसु ने वैज्ञानिक तरीके से जब यह सिद्ध किया तो दुनिया में तहलका मच गया। जबकि भारतीय शास्त्रों में तो इन बातों का वर्णन सदियों पूर्व ही मिलता है। जब इन तथ्यों को वैज्ञानिक आधार दिया गया तो अब पूरी दुनिया भारत के इन प्राचीन विचारों पर साथ खड़ी नजर आती है। भारतीय मनीषियों ने इसीलिए यह बार बार कहा है कि पेड़ पौधों की रक्षा करें, इन्हें काटें नहीं। क्योंकि, इससे पर्यावरण की रक्षा तो होती ही है, साथ ही, पेड़, पौधों के रूप में एक प्रकार से किसी प्राणी की हत्या करने से भी बचा जा सकता है।

भारतीय संस्कृति में यह भावना रही है कि व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास हो एवं उसे पूर्ण सुख की प्राप्ति हो। इसलिए, उक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ही देश में सामाजिक एवं आर्थिक रचना होनी चाहिए। प्राचीन भारत में इसी नाते व्यक्ति को मान्यता देने के साथ साथ परिवार को भी मान्यता दी गई है। परिवार को समाज में न्यूनतम इकाई माना गया है। व्यक्तियों से परिवार, परिवारों से समाज, समाज से देश और देशों से विश्व बनता है। अत: कुटुंब को भारतीय समाज में अत्यधिक महत्व दिया गया है।

भारतीय शास्त्रों में कुल मिलाकर यह वर्णन मिलता है कि प्राचीन भारत के लगभग प्रत्येक परिवार में गाय के रूप में पर्याप्त मात्रा में पशुधन उपलब्ध रहता था जिससे प्रत्येक परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत आसानी से हो जाती थी। गाय के गोबर एवं गौमूत्र से देसी खाद का निर्माण किया जाता था जिसे कृषि कार्यों में उपयोग किया जाता था एवं गाय के दूध को घर में उपयोग करने के बाद इससे दही, घी एवं मक्खन आदि पदार्थों का निर्माण कर इसे बाजार में बेच भी दिया जाता था। इसी प्रकार गौमूत्र से कुछ आयुर्वेदिक दवाईयों का निर्माण भी किया जाता था। अत: कुल मिलाकर परिवार एवं समाज में किसी भी प्रकार की गतिविधि सम्पन्न करने के लिए अर्थ की आवश्यकता महसूस होती है।

अर्थ के विभिन्न आयामों को समझने के लिए भारत के प्राचीन काल में अर्थशास्त्र की रचना की गई थी। आचार्य चाणक्य को भारत में अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है। अर्थशास्त्र को परिभाषित करते हुए कहा जाता है कि नागरिकों को संतुष्टि प्रदान करने (वस्तुओं एवं सेवाओं का भारी मात्रा में उत्पादन कर उसकी आसान उपलब्धता कराना) के उद्देश्य से उत्पादन के साधनों (भूमि, श्रम, पूंजी, आदि) का दक्षतापूर्ण वितरण करना ही अर्थशास्त्र है।

दुनिया में कोई भी विचारक जब कभी भी आर्थिक विकास के बारे में सोचता है अथवा इस सम्बंध में कोई योजना बनाने का विचार करता है तो सामान्यत: उसके सामने मुख्य रूप से यह उद्देश्य रहता है कि उस देश का आर्थिक विकास इस तरह से हो कि उस देश के समस्त नागरिकों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत आसानी से होती रहे, वे सम्पन्न बनें एवं खुश रहें। इस प्रकार, नागरिकों में प्रसन्नता का भाव विकसित करने में अर्थ के योगदान को भी आंका गया है। कई बार भारतीय समाज में यह उक्ति भी सुनाई देती है कि भूखे पेट ना भजन हो गोपाला अर्थात यदि देश के नागरिकों की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं होगी तो अध्यात्मवाद की ओर वे किस प्रकार मुड़ेंगे। आचार्य चाणक्य जी ने भी कहा है कि धर्म के बिना अर्थ नहीं टिकता, अर्थात धर्म एवं अर्थ का आपस में सम्बंध है।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान जताया लोगों का आभार

### धन्यवादी दौरे के दौरान विधायक ने गांव बढ़ मलिक में किया सीसीटीवी कैमरों व टीन शैड का उद्घाटन

### हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द शुरू होंगे विकास कार्य-विधायक कृष्णा गहलावत

### हम संकल्प पत्र को लेकर कर रहे हैं कार्य, पांच साल में तेजी से किया जाएगा प्रदेश का विकास



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**सोनीपत।** राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने शनिवार को अपने धन्यवादी दौर के दौरान हलके के गांव बढ़ मलिक, जठेड़ी तथा अकबरपुर बारोटा में पहुंचकर उन्होंने विधायक बनाने पर लोगों का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने गांव बढ़ मलिक में ग्राम पंचायत द्वारा 20 लाख की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व 11 लाख से निर्मित टीन शैड का उद्घाटन करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान हमारे द्वारा जारी संकल्प पत्र में कहें तमाम वायदों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। जनता से जो वायदे बीजेपी ने किये थे, उन्हें पूरा करने के लिए हम तत्पर है। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्य में क्वालिटी व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी कार्य क्वालिटी और समय सीमा में पूरे किए जाएं ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि सडक़ पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित तमाम मूलभुत सुविधाएं जनता को देने के लिए सरकार का फोक्स है।

इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प को पूरा करने की शुरूआत पहले दिन से ही कर दी थी। ऐलान किया गया था कि 2 लाख रोजगार बिना खर्ची बिना पर्ची देने का काम करेंगे। उसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए जिस दिन मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और मंत्रीमंडल ने शपथ ली थी, उसी दिन बिना पर्ची बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार देने का काम किया था। आज कोई भी यूं नहीं कह सकता कि मैं मंत्री के पास गया था या फिर रोजगार के लिए मुख्यमंत्री के पास गया था। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से रोजगार देने का काम ये लगातार जारी रहेगा। राई विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने जिस विश्वास व उम्मीद के साथ उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है उसके लिए मैं हलके की जनता करती हूं और उन्हें विश्वास दिलाती हूं कि वे वे उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगी। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका पगड़ी एवं फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आप लोगों के सहयोग से लगातार प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। सरकार द्वारा प्रदेश में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जायेंगे। जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें गति देते हुए तीव्रता से करवाने का काम किया जायेगा। विकास कार्यों से संबंधित एस्टीमेट बनवाकर बजट उपलब्ध करवाते हुए विकास कार्यों को और तेजी से करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का जो संकल्प है उसे हम मिलकर पूरा करेंगे।

धन्यवादी दौरे के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार ने समाधान शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण करने की दिशा में एक अनूठा एवं सार्थक कदम उठाया है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि जिले में जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिक समय अनुसार पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं।

इस मौके पर बीडीपीओ सुरेन्द्र आर्य, नगर निगम पार्षद पुनीत राई, मण्डल महामंत्री वेदपाल शास्त्री, बढ़ मलिक की सरपंच सरिता देवी, फूल कुमार, रामपाल, सतनारायण, रामफल, धर्मबीर, शिव कुमार, राजबीर, वेदपाल शास्त्री, दलबीर बैरागी, हुक्कम सिंह जोगी, नारायण, ओमप्रकाश, रणबीर मास्टर, मंगल, महाबीर, राजेन्द्र करणी सेना, धर्मबीर सहित गांवों के अनेक गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने भाजपा के सदस्यता अभियान में सबसे ज्यादा सदस्य जोड़ पाया मोदी मित्र गौरव : वरूण श्योराण

### जल्द किया जाएगा भाजपा के सदस्यता अभियान के तय लक्ष्य को पूरा : जान मोहम्मद



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पिनगवां में शनिवार को भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश सह प्रमुख वरुण श्योराण ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सदस्य बने के लिए आग्रह किया। बैठक के दौरान हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व नूंह जिला के जिला प्रमुख जान मोहम्मद,जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पिनगवां मंडल अध्यक्ष मनीष यादव,भाजपा नेता जसवंत गोयल ने मुख्य अतिथि वरुण श्योराण का बुक्के देकर स्वागत किया। पिनगवां में बैठक के दौरान पार्टी के सदस्यता अभियान 2024 को लेकर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें मुख्य वक्ता वरुण श्योराण ने बताया की हरियाणा प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाए जाने हैं जिस लक्ष्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह नूंह जिले में भी 2 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन अभी 40 हजार सदस्य बनाए गए हैं, इसलिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह कर कहा कि प्रत्येक बूथ पर ढाई सौ सदस्य बनाए जाने आवश्यक है।

इस दौरान सदस्यता अभियान के प्रदेश सह प्रमुख वरूण श्योराण ने नूह जिले में पुनहाना विधानसभा क्षेत्र से जिला प्रमुख जान मोहम्मद द्वारा लगभग 13, हजार सबसे ज्यादा सदस्य बनाने पर उनकी पीठ थपथपाते हुए उन्हें मोदी गौरव प्राप्त करने पर बधाई दी। इस दौरान हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद को वरूण श्योराण ने अपने गांव में जहां लगातार 40 सालों से सरपंच बनने व तीसरी बार लगातार जिला पार्षद बनने पर भी बधाई दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि नूहं में लगभग 10 हजार फिरोजपुर झिरका में 7 हजार व पुन्हाना में सबसे अधिक लगभग 26 हजार सदस्य बनाये गए है।

जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रत्येक बूथ पर ढाई सौ सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इतना ही नहीं सभी कार्यकर्ताओं को दिया हुआ लक्ष्य पूरा करने के लिए आह्वान किया।

# बिजली चोरी तथा बिल की राशि लंबित वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ निगम करेगा छापेमार कार्रवाई : एसडीओ



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। जिसके चलते बिजली लाईनों के नीचे पेडों की कटिंग करने तथा बिजली सप्लाई उकरणों की मरम्मत का कार्य भी समय-समय पर किया जाता है। बिजली निगम कार्यालय बूचावास के एसडीओ अरूण कुमार ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह बिल वितरित करने का शेड्यूल निर्धारित किया जा चुका है। उपभोक्ता नियत समय पर बिजली निगम कार्यालय या आनलाईन नियमित रूप से बिलों को भुगतान करें। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वे बिजली की चोरी न करें तथा बिल की अदायगी समय पर करें। बिलों में आई त्रुटि को उपभोक्ता निगम कार्यालय में दुरूस्त करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 5 हजार एवं उससे अधिक लंबित बिल की राशि वाले उपभोक्ताओं के मीटर उखाडे जाएगें। ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान कर जल्द ही ये अभियान चलाया जाएगा। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ छापेमारी की जाएगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कहा कि वे नगें पैर बिजली के उपकरणों को न छुएं, बिजली संचालित उपकरणों की जांच-परख करने के बाद इस्तेमाल करें।

# प्रयागराज महाकुंभ में हरित एवं स्वच्छ आयोजन के लिए एक थैला एक थाली अभियान की नूंह से की गई शुरुआत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शहर से आज प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए स्कूली छात्राओं तथा अध्यापकों वह स्कूल प्रबंधन के द्वारा एक थैला एक थाली अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान को सरदार जीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल से शुरु किया गया और शहर के अन्य स्कूल के अध्यापक और स्कूल प्रबंध कमेटी के द्वारा एक थैला एक थाली दान स्वरूप दी गई।

आपको बता दे की 144 वर्ष के बाद प्रयागराज में महाकुंभ आयोजित हो रहा है। यह महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी (विक्रम संवत 2081, पौष मास पूर्णिमा, सोमवार से फाल्गुन मास महाशिवरात्रि, बुधवार) तक प्रयागराज में सम्पन्न होने वाले इस महाकुम्भ में भाग लेने के लिए विश्व भर से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज मैं पहुंचेंगे। इतने बड़े श्रद्धालु समूह के एक स्थान पर एकत्रित होने से अत्यधिक मात्रा में अवशिष्ट उत्पन्न होने की संभावना है। इसी को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा पूरे भारत में महाकुम्भ को हरित एवं स्वच्छ बनाने के लिए एक थैला एक थाली अभियान आरम्भ किया गया है। जिसके तहत सभी नूंह जिला वासियों से आग्रह किया गया की वह एक थैला तथा एक थाली का योगदान करें जिससे महाकुम्भ में पॉलिथीन तथ डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल न्यूनतम किया जा सके।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि का यह प्रयास सभी श्रद्धालुओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सन्देश देने और और इस महाकुम्भ को जनभागिता के द्वारा विश्व का सबसे बड़ा हरित एवं स्वच्छ कार्यक्रम बनाने की दिशा में एक बहुत ही अनूठी और उल्लेखनीय पहल है।

प्रयागराज कुंभ की धरती एवं माँ गंगा को प्रदूषित और अपवित्र न करने की राह में यह एक बहुत सराहनीय प्रयास है। एक थैला एक थाली अभियान के व्यापक प्रचार हेतु पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमुख संतो व व्यक्तियो से संपर्क किया जा रहा है और आम जनमानस को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि नूंह के जिला संयोजक राकेश शर्मा ने बताया पूरे नूंह में इस अभियान के लिए हर गली, बस्ती, मौहल्ला , स्कूल वह अन्य संस्थान में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है और अवगत कराय गया कि जो श्रद्धालु कपडे का थैला या स्टील कि थाली का योगदान कर सके। इस अवसर पर जिला पर्यावरण संयोजक राजेश कुमार, नगर संयोजक सुभाष प्रिंसिपल हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरदार जीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन गुरचरण सिंह मलिक, मदर्स प्राइड स्कूल की प्रिंसिपल ममता कौशिक, विद्या निकेतन स्कूल के प्रिंसिपल पृथ्वी , भंवर सिंह, रजत , कीर्ति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक राजबीर फरटिया ने आज हल्के के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** हल्का लोहारू से विधायक भाई राजबीर फरटिया आज अपने हल्के के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए और गणमान्य हल्कावासियों से मुखातिब हुए। इस दौरान विधायक जी हल्के के गाँव बड्दू जोगी में रणजीत रावल के पुत्र एवं जयवीर सिंह जाटू की पुत्री, बुढेड़ा में रूघबीर चौहान की पुत्री एवं धर्मेन्द्र श्योराण की पुत्री, ढाणी लक्ष्मण में बिसनलाल सिलन की पुत्री की शादी में सम्मिलित हुए और सभी विवाहित जोड़ो को अपना आशिर्वाद प्रदान कर शादी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक जी ने गणमान्य हल्कावासियों से समाज के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया। सभी ग्रामीणों ने विधायक भाई राजबीर फरटिया का हार्दिक स्वागत किया व समाज के विभिन्न सार्वजनिक मुद्दो पर विचार विमर्श किया।

# जिले में जल्द किया जाएगा सदस्यता के तय लक्ष्य को पूरा : ज़ाहिद हुसैन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को भाजपा नूहं जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान के प्रदेश सह प्रमुख वरुण शरण ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सदस्य बने के लिए आग्रह किया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, नूहं जिला के सदस्यता प्रमुख जाहिद हुसैन व जिला महामंत्री शिव कुमार आर्य, रमेश मनुवास, हेमराज शर्मा ने मुख्यवक्ता वरुण का बुक्के देकर स्वागत किया। बैठक के दौरान संगठन पर सदस्यता अभियान 2024 को लेकर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें मुख्य वक्ता वरुण शरण ने बताया की हरियाणा प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाए जाने हैं जिस लक्ष्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# रातों-रात लखपति बनने के चक्कर में युवक ने हजारों गवाएं

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** ऑनलाईन काम कर रारोंरात लखपति के चक्कर में युवक ने हजारों रूपये गवां दिए। फ्रॉड होने का अंदेशा होने पर युवक ने साइबर हेल्पलाईन तथा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस बारे में राजेश कुमार निवासी ककराला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पुत्र उमेश कुमार को मोबाईल फोन पर अमेजन नामक वाट्सएप ग्रुप दिखाई दिया। युवक की सहमति से सुरेश नामक व्यक्ति ने उसे ग्रुप में एड कर लिया। सुरेश की ओर से उमेश को बताया गया कि यह पार्ट टाइम बिजनेस है। जिसे धीरे-धीरे बढाया जा सकता है। तीन प्रोडेक्ट लेने के बाद बिजनेस में भागीदारी ओर आमदनी शुरू हो जाती है। प्रोडेक्ट खरीदने के बाद उसके खाते में 150 रूपये आ गए। उसके बाद उसने एक हजार रूपये जमा करवाने पर 1650 रूपये खाते में आ गए। विश्वास पुख्ता होने पर तीन बार में 31 हजार रूपये जमा करवाए दिए। इस राशि को जमा करवाने के बाद उनके खाते में रूये नहीं आए तो उन्हें फ्रॉड होने का अंदेशा हुआ। उन्होंने सरेश से संपर्क भी साधने की कौशिश की लेकिन तसल्ली नहीं हुई। युवक ने फ्राड होने के अंदेशे से साईबर हेल्पलाईन पर शिकायत दर्ज करवाने के साथ-साथ कनीना सिटी थाने में दरखास्त दी। पुलिस ने धोखाधडी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### कैमरून में नाव पलटने से 20 लोगों की मौत



**याउंडे, एजेंसी।** प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में एक नाव के पलट जाने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि नाव गुरुवार को उस समय पलट गई, जब वह क्षेत्र के लोगोन-एट-चारी डिवीजन में दाराक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है, क्योंकि बचावकर्मी और अधिक पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी गई है। जांच चल रही है इसलिए अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर ओवरलोडिंग, गलत तरीके से संचालन और खराब मौसम के कारण होती हैं। कैमरून मध्य और पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक देश है। जो गिनी की खाड़ी के किनारे बसा है।

### यूक्रेन पर रूस के हमले से तिलमिलाए बाइडन, बोले- कीव की तुरंत मदद करने की जरूरत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में अब कुछ ही दिन का समय बचा है और यही वजह है कि वे यूक्रेन को लेकर परेशान हैं।



खासकर रूस ने यूक्रेन पर जो ताबड़तोड़ हमले किए हैं, उसके बाद से बाइडन तिलमिला गए हैं। जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि रूस के यूक्रेन पर ताजा हमले बताते हैं कि हमें यूक्रेन की तुरंत मदद करने की जरूरत है। दरअसल जो बाइडन को चिंता है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को मदद देनी बंद कर दी, तो इससे यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा। बाइडन की चिंता जायज भी है क्योंकि ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए भी हैं कि वे यूक्रेन को दी जाने वाली मदद की समीक्षा करेंगे। रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर बड़ा हमला करते हुए करीब 200 मिसाइलें दागीं। रूसी हमले में यूक्रेन के पावर ग्रिड को भारी नुकसान हुआ है, जिसकी वजह से लाखों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। गुरुवार को बाइडन ने कहा कि इस दिन मेरा यूक्रेन के लोगों को संदेश साफ है, अमेरिका आपके साथ खड़ा है। गौरतलब है कि फरवरी 2022 के बाद से अब तक अमेरिका रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को 60 अरब डॉलर से ज्यादा की आर्थिक मदद दे चुका है। वहीं जनवरी में अमेरिका के नए राष्ट्रपति बनने जा रहे ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध खत्म करने का वादा किया है। यूक्रेन को भी डर है कि ट्रंप उसकी वित्तीय मदद रोक सकते हैं या फिर कम कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप-राजदूत ने भी बुधवार को एक बयान में यही बात कही कि ट्रंप, यूक्रेन की मदद रोक देंगे, जो यूक्रेन की सेना के लिए मृत्युदंड जैसा होगा। जो बाइडन भी ये जानते हैं तभी बीते दिनों उन्होंने अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में बड़ा फैसला करते हुए यूक्रेन को रूस के भीतरी इलाकों में लंबी दूरी की मिसाइलों से हमले की मंजूरी दे दी थी। जिसके चलते रूस ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को धमकी देते हुए कहा था कि इसके गंभीर परिणाम होंगे।

### बलूचिस्तान असेंबली में पीटीआई को बैन करने का प्रस्ताव पास

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी में इमरान खान के समर्थकों के उग्र प्रदर्शन से घबराई सरकार ने सेना उतार दी थी। इन विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की जान चली गई। इसी बीच बलूचिस्तान विधानसभा में गुरुवार को इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को बैन करने का प्रस्ताव पास किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के सताधारी पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने बताया कि इस प्रस्ताव के दौरान विपक्षियों ने वॉकआउट कर दिया। उन्होंने कहा कि अब भी पार्टी के लिए बातचीत का रास्ता खुला हुआ है। बता दें कि इमरान खान के समर्थक इस्लामाबाद में बड़ा विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान 6 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इसके बाद सेना को भी इस प्रदर्शन को कुचलने की छूट दे दी गई। फायरिंग में भी कई लोगों की मौत की सूचना है। बताया जाता है कि इस प्रदर्शन की बागडोर इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के हाथ में थी। इमरान खान खुद इस समय जेल में हैं। बलूचिस्तान के मंत्री मीर सलीम अहमद खोसा ने पीटीआई को बैन करने का प्रस्ताव सदन में रखा था। उन्होंने कहा था कि पीटीआई ने 9 मई 2023 को हिंसा फैला दी थी। उन्होंने कहा कि पीटीआई जिस तरह की सोच रखती है उससे हमारे देश का मीडिया, अर्थव्यवस्था और न्यायपालिका सब प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के संसाधनों का भी इस्तेमाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफके सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा कि ये प्रांत के स्तर का फैसला है। इसको लेकर कैबिनेट में भी बातचीत हुई थी लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। खैबर पख्तूनख्वा में राज्यपाल शासन लगाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह कठिन काम है। हालांकि सहमति बनाने के बाद यह भी एक विकल्प है। सनाउल्लाह ने कहा कि अगर पीटीआई से बातचीत की जाती है और बार-बार हमारा अपमान होता है।

# सीरिया में नहीं थम रहा संघर्ष, अलेप्पो में 200 से अधिक की मौत; विद्रोहियों ने प्रमुख राजमार्ग को काटा

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया। इससे भीषण लड़ाई शुरू हो गई। अलेप्पो के बाहरी इलाके पर कब्जे को लेकर सीरियाई सरकार और विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज हो गया है। रूसी लड़ाकू विमान सीरियाई सेना के साथ मिलकर विद्रोहियों के कब्जे वाले अलेप्पो के पूर्वी इलाके में लगातार हवाई हमले कर रहे हैं। इस बीच, जिहादी लड़ाकों ने गुरुवार को दमिश्क से अलेप्पो तक जाने वाले राजमार्ग को काट दिया। इस आक्रामक अभियान के दौरान करीब 200 लोग मारे गए हैं। एक निगरानीकर्ता का कहना है कि जिन लोगों की जान गई है उनमें रूसी वायु सेना के हमलों में मारे गए नागरिक भी शामिल हैं।

**जिहादियों ने अचानक किया हमला :** सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया। इससे तनाव के बीच सबसे भीषण लड़ाई शुरू हो गई।

**अब तक 182 की मौत :** निगरानीकर्ता ने कहा कि चल रही लड़ाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर 182 हो गई है, जिसमें एचटीएस के 102 लड़ाके,



सहयोगी गुटों के 19 और 61 शासन बलों और संबद्ध समूहों के लड़ाके शामिल हैं।

**रूसी हमले में इतने लोगों की गई जान :** निगरानी संस्था के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने कहा, अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को रूसी हवाई हमलों में 19 नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले सीरियाई सेना की गोलाबारी में एक अन्य नागरिक की मौत हो गई थी।

**सीरियाई राष्ट्रपति का करीबी सहयोगी है रूस :** रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद का करीबी सहयोगी है और उसने 2015 में पहली बार सीरिया के गृहयुद्ध में हस्तक्षेप किया था, जिससे संघर्ष का रुख राष्ट्रपति के पक्ष में हो गया, जिनकी सेनाएं कभी देश के केवल पांचवें हिस्से पर नियंत्रण रखती थीं।

**इन मार्गों को किया प्रभावित :** ब्रिटेन स्थित निगरानी संस्था ने कहा कि एचटीएस और उसके सहयोगी गुटों, जिनमें पड़ोसी तुर्की द्वारा समर्थित समूह भी शामिल हैं, ने दमिश्क-अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय एम5 राजमार्ग को काट दिया। इसके अलावा एम4 और एम5 राजमार्गों के बीच जंक्शन को भी नियंत्रित कर लिया है। सीरिया के अंदर सूत्रों का नेटवर्क रखने वाली निगरानी संस्था ने कहा, वर्षों पहले शासन बलों द्वारा फिर से खोले जाने के बाद राजमार्ग को अब सेवा से बाहर कर दिया गया है। एम5 और एम4 राजमार्गों का जंक्शन राजधानी और शासन के तटीय गढ़ लताकिया को क्रमशः दूसरे शहर अलेप्पो से जोड़ता है।

**14 हजाप से अधिक लोग हुए विस्थापित :** मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि हिंसा के कारण 14,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जिनमें से लगभग आधे बच्चे हैं। सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृह युद्ध की चपेट में है, हालांकि हाल के वर्षों में संघर्ष की तीव्रता में कमी आई है।

**46 मिलिट्री बेस पर कब्जे का दावा :** सीरिया के विद्रोही गुटों ने टेलीग्राम पर दावा किया है कि उन्होंने सीरियाई सरकार के 46 सैन्य अड्डों को कब्जे में ले लिया है। वे सिर्फ 10 घंटों के भीतर अलेप्पो शहर के कई गांव पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि सीरियाई सरकार ने इन दावों पर कुछ नहीं कहा है। 2020 में तुर्किये की मदद से विद्रोहियों और असद सरकार के बीच एक समझौता कराया गया था, जिससे वहां बड़े हमलों में कमी आई थी। 2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृहयुद्ध की शुरुआत हुई थी। साल 2000 से सीरिया के सत्ता में काबिज बशर अल असद की तानाशाही सरकार के खिलाफ लोकतंत्र समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। इसके बाद एक फ्री सीरियन आर्मी के नाम से एक विद्रोही गुट तैयार हुआ। विद्रोही गुट के बनने के साथ ही सीरिया में गृहयुद्ध की शुरुआत हो गई थी। इसमें अमेरिका, रूस, ईरान और सउदी अरब के शामिल होने के बाद ये संघर्ष और बढ़ता गया। इस बीच यहां आतंकवादी संगठन आईएसआईएस ने भी अपने पैर पसार लिए थे। 2020 के सीजफायर समझौते के बाद यहां सिर्फ छुटपुट झड़प ही हुई हैं।

## नहीं थम रहीं शेख हसीना की मुश्किलें; आईसीसी में मुकदमा चलाना चाहता है बांग्लादेश, यूनुस ने दिए संकेत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके सामने



और मुसीबत बढ़ सकती हैं। दरअसल, ढाका ने अपदस्थ हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने की मांग की है, जबकि वह मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों में घरेलू न्यायाधिकरण में मुकदमे का सामना कर रही हैं।

**आईसीसी के अभियोजक से की मुलाकात :** यह जानकारी देश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को दी। उनकी प्रेस शाखा के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के खिलाफ मुकदमे के मुद्दे पर अंतराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान से चर्चा की, जिन्होंने जमुना स्थित उनके आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की।

**पहले से ही दर्जनों मामले :** बंग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद हसीना पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। तीन दिन बाद ही नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर कार्यभार संभाला था। सत्ता छोड़ने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दर्जनों केस दर्ज किए हैं, जिनमें मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप भी शामिल है। हसीना के अलावा उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं।

**इन पर चर्चा की :** मोहम्मद यूनुस और करीम खान के बीच बुधवार को बैठक हुई। इस दौरान अंतरिम सरकार ने इस बात की जानकारी दी कि बांग्लादेश हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ आरोपों को आगे बढ़ाने का इरादा रखता है। हसीना पर इल्जाम है कि उनके साशन काल में बड़े पैमाने पर विद्रोह और नरसंहार हुए। दोनों ने रोहिंग्या संकट और उनके लिए मानवीय सहायता के साथ-साथ म्यांमार के मिलिटरी प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए औपचारिक वारंट का अनुरोध पर भी चर्चा की।

## पिछले महीने मानवीय चूक के कारण डूबा था न्यूजीलैंड नौसेना का जहाज, जांच में खुलासा

**वेलिंगटन, एजेंसी।** पिछले महीने समोआ के तट पर रॉयल न्यूजीलैंड नौसेना का एक जहाज फंसने के बाद डूब गया था। हालांकि, जहाज पर सवार 75 यात्री और चालक दल सुरक्षित बचा लिए गए थे। अब एक जांच में खुलासा हुआ है कि नौसेना का एक जहाज मानवीय भूल के कारण फंस गया था। नौसेना का विशेषज्ञ गोताखोर और हाइड्रोग्राफिक जहाज एचएमएनजेडएस मनावानुई पांच अक्तूबर को सर्वेक्षण कार्य करते समय समोआ के दक्षिणी किनारे पर एक चट्टान पर फंस गया था। न्यूजीलैंड की नौसेना के प्रमुख रियर एडमिरल गेविन गोल्डिंग ने शुक्रवार को बताया, जमीन पर फंसने का सीधा कारण मानवीय भूल है, जिसका मतलब है कि जहाज का ऑटोपायलट उस समय बंद नहीं हुआ जब उसे बंद होना चाहिए था। चालक दल को एहसास नहीं हुआ कि जहाज ऑटोपायलट में था और परिणामस्वरूप सोचा कि दिशा परिवर्तन का जवाब देने में इसकी नाकामयाबी थ्रस्टर नियंत्रण विफलता का परिणाम थी। गोल्डिंग ने कहा कि चालक दल द्वारा गलती को नोटिस न करने के कारणों का पता एक व्यापक जांच का हिस्सा होगा, जिसे अगले साल की पहली तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

# ईरान की धमकी- शिकंजा कसा तो परमाणु हथियार पर बैन हटाएंगे; नेतन्याहू बोले- रोकने के लिए कुछ भी करेंगे

**तेहरान/यरुशलम, एजेंसी।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। हालांकि, शांति की एक पहल के रूप में इस्राइल और हिजबुल्ला ने शुरुआती दो महीने के लिए युद्ध विराम कर लिया है।इस बीच, ईरान और इस्राइल के बीच तनातनी दिख रही। एक तरफ तेहरान धमकी दे रहा है कि अगर पश्चिमी देशों ने उस पर फिर से प्रतिबंध लगाए तो वह परमाणु हथियार हासिल करने पर लगे प्रतिबंध को खत्म कर सकता है। वहीं, इस पर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी साफ-साफ कह दिया कि वह ईरान को रोकने के लिए सब कुछ करेंगे।

**इन तीन देशों के साथ करने वाला चर्चा :** ईरान शुक्रवार को अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी से मिलने वाला है। इसके पीछे का कारण यह है कि तीनों देशों की सरकारों ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था द्वारा तेहरान की निंदा करवाने के लिए अमेरिका के साथ हाथ मिला लिया है।

**ट्रंप के सत्ता से पहले बातचीत का संकेत :** पिछले सप्ताह की फटकार के बाद तेहरान ने एक विद्रोही प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मगर, उसके अधिकारियों ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने से पहले दूसरों के साथ बातचीत करने की इच्छा का संकेत दिया है। ईरान शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के अपने अधिकार पर जोर



देता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अनुसार, यह एकमात्र गैर-परमाणु-हथियार वाला देश है, जो 60 प्रतिशत तक यूरेनियम को समृद्ध कर रहा है।

**तेहरान में हताशा बहस को दे रही हवा :** ईरान के शीर्ष राजनयिक ने इस मामले पर बात करने से पहले गुरुवार को एक इंटरव्यू में कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने उन पर फिर से प्रतिबंध लगाए तो ईरान परमाणु हथियार हासिल करने पर लगा प्रतिबंध समाप्त कर सकता है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि प्रतिबंध हटाने जैसी प्रतिबद्धताओं को पूरा न किए जाने पर तेहरान में हताशा इस बहस को हवा दे रही है कि क्या देश को अपनी परमाणु नीति में बदलाव करना चाहिए। हमारा अभी ऐसा कोई इरादा नहीं उन्होंने ब्रिटेन के एक अखबार से कहा, फिलहाल हमारा 60 प्रतिशत से आगे जाने का कोई इरादा नहीं है और अभी हमारा यही दृढ़ संकल्प है। मगर, ईरान में और अधिकतर अभिजात वर्ग के बीच यह बहस चल रही है कि क्या हमें अपने परमाणु सिद्धांत को बदलना चाहिए क्योंकि अब तक यह व्यवहार में नहीं दिखा है। तेहरान और प्रमुख शक्तियों के बीच 2015 के परमाणु समझौते का उद्देश्य ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के बदले में पश्चिमी प्रतिबंधों से राहत देना था ताकि वह हथियार क्षमता विकसित करने से रोक सके। तेहरान ने लगातार परमाणु हथियार बनाने के किसी भी इरादे से इनकार किया है। ईरान को रोकने के लिए सबकुछ करेंगे इस बीच, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए इस्राइल सब कुछ करेगा। उन्होंने कहा, मैं इसे परमाणु (शक्ति) बनने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा, मैं सभी संसाधनों का उपयोग करूंगा। इस्राइल इस क्षेत्र का एकमात्र भले ही अघोषित परमाणु-सशस्त्र राज्य है।

## इंग्लैंड और वेल्स ला रहा है मरने के अधिकार को लेकर नया बिल

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड और वेल्स में एक नया बिल काफी चर्चा में है। यह बिल मरने के अधिकार को लेकर है। यह बिल यहां की संसद सदस्य किम लीडबीटर लेकर लेकर आ रही हैं। प्रस्तावित बिल के मुताबिक ऐसे बुजुर्ग, जिनके छह महीने के अंदर मर जाने की संभावना है, वह इसका लाभ ले सकेंगे। हालांकि इसका इस्तेमाल करने के लिए उन्हें खुद फैसला लेना होगा और इसके लिए उनका मानसिक तौर पर स्वस्थ होना भी जरूरी होगा। हालांकि इस बिल को लेकर अब वहां पर बहस छिड़ गई है। तमाम लोगों का कहना है कि इसका दुरुपयोग होने की संभावना काफी ज्यादा है।

**कैसे करेगा काम :** मरने के अधिकार पर कानून बनने के बाद इसके लिए खास प्रॉसेस होगा। इसके तहत मरने के इच्छुक व्यक्ति को दो अलग घोषणापत्र बनाने होंगे। यह घोषणापत्र गवाहों की मौजूदगी में बनेंगे और इस पर उस व्यक्ति के हस्ताक्षर भी होंगे। इसके अलावा दो स्वतंत्र डॉक्टर इस बात की पुष्टि करेंगे कि मरने का इच्छुक व्यक्ति वास्तव में इस हालत में है कि उसे इसकी इजाजत दी जा सकती है। अगर जरूरत पड़ी तो यह डॉक्टर एक्सपर्ट की राय भी ले सकेंगे। इसके बाद एक हाई कोर्ट जज इनमें से कम से कम एक डॉक्टर से बात करेगा



और अगर उसे लगता है तो मरने के इच्छुक व्यक्ति से भी सवाल करेगा। इस पूरी प्रक्रिया में 7 से 14 दिन लग सकते हैं। अगर किसी की मृत्यु नजदीक है उसके लिए यह समय 48 घंटे तय किया गया है।

**अगर किसी ने दबाव बनाया तो :** इस मामले में अगर कोई मरने वाले व्यक्ति पर दबाव बनाने का दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त प्रावधान हैं। ऐसा होने पर उस व्यक्ति को 14 साल तक की जेल हो सकती है। यह बात डॉक्टर तय करेंगे कि जिस व्यक्ति ने मरने की इच्छा जताई है क्या वास्तव में उसकी हालत ऐसी है कि वह छह महीने से अधिक जिंदा नहीं रह सकता है। अगर उसे किसी तरह के इलाज की जरूरत है तो डॉक्टर इसकी भी सलाह दे सकते हैं।

**कौन करेगा निगरानी :** सांसद किम लीडबीटर के मुताबिक इंग्लैंड एंड वेल्स के चीफ मेडिकल ऑफिसर्स और हेल्थ सेक्रेट्री इस कानून की निगरानी करने के अधिकारी होंगे। बता दें कि पहले भी यहां पर मरने के अधिकार संबंधी विधेयक पेश हो चुके हैं। साल 2015 में भी ऐसे ही एक कानून की चर्चा छिड़ी थी। तब असिस्टेड डाइंग बिल हाउस ऑफ कॉमंस में पेश किया गया था, लेकिन सांसदों ने इसे रिजेक्ट कर दिया। 2021-22 में ऐसा एक बिल हाउस ऑफ लॉर्ड्स तक पहुंचा था। वहीं, जुलाई 2022 और अप्रैल 2024 में भी मरने के अधिकार संबंधी बिल पर चर्चा हो चुकी है।

## अपनी शक्ति किसी को न छीनने दें : कमला हैरिस का समर्थकों को संदेश

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने समर्थकों से कहा कि उन्हें अपनी ताकत की रक्षा करनी होगी। अपनी हार स्वीकारने वाली स्पीच के बाद यह उनका अपने समर्थकों के लिए पहला संदेश है। हैरिस ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं आपको बस यह याद दिलाना चाहती हूं कि आप किसी को भी अपनी ताकत को छीनने की इजाजत न दें। हैरिस ने कहा, आपके पास वही शक्ति है जो 5 नवंबर से पहले थी, और आपके पास वही उद्देश्य है जो पहले था।। उन्होंने आगे कहा, इसलिए कभी भी किसी व्यक्ति या हालात को इस ताकत को आपसे छीनने न दें।

चुनावी हार के बाद से हैरिस ने सार्वजनिक आयोजनों से दूर रही हैं। हार के बाद वह हवाई में छुट्टियां मनाने चली गईं और सोमवार को अपने गृह निवास सैन फ्रांसिस्को लौट आईं। डेमोक्रेटिक पार्टी, ने मंगलवार को एक्स और टिकटॉक पर 29 सेकंड का उनका वीडियो संदेश जारी किया। हालांकि यह नहीं बताया कि यह कब और कहां रिकॉर्ड किया गया। बीडियो में बोलते समय कमला हैरिस बेहद भावुक नजर आ रही थी। वह अपनी बात पर जोर देने के लिए हाथों से इशारे भी कर रही थीं।


इससे पहले 6 नवंबर को अपने भाषण में, हार स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा, मैं ऐसे भविष्य के लिए लड़ाई कभी नहीं छोड़ूंगी जहां अमेरिकी अपने सपनों, महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। कमला हैरिस के राजनीतिक भविष्य को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। एक संभावना यह जताई जा रही है कि वह 2026 में कैलिफोर्निया के गवर्नर पद का चुनाव लड़ सकती हैं और गैविन न्यूसम की जगह ले सकती हैं।

न्यूसम का दूसरा कार्यकाल 2027 में समाप्त हो रहा है और वह राज्य के कानून के तहत तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। हालांकि वह इससे उच्च पद पर रह चुकी हैं, लेकिन सबसे अधिक आबादी वाले और सबसे अमीर राज्य के गवर्नर के पास उपराष्ट्रपति की तुलना में वास्तविक रूप से कहीं अधिक शक्तियां होती हैं। न्यूसम खुद 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं।

दूसरी संभावना यह है कि हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए फिर से चुनाव लड़ें, हालांकि उनके खिलाफ दो बातें जाती हैं। 2020 में नामांकन के लिए पार्टी प्राइमरी से बाहर हो गई थीं और इस साल, उन्हें बिना किसी प्रतियोगिता के नामांकन मिला, लेकिन वह डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं।

## पुतिन बोले- ट्रम्प अभी भी सुरक्षित नहीं:अमेरिका में पहले भी बड़े नेताओं की हत्या हुई, वे होशियार नेता, उम्मीद है अलर्ट होंगे

**अस्ताना, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। सीएनएन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव जीतकर ट्रम्प ने एक बड़ी परीक्षा पास कर ली है, लेकिन अभी भी वे सुरक्षित नहीं हैं। पुतिन ने कहा- ट्रम्प को रोकने के लिए कई गलत तरीके इस्तेमाल हुए। दो बार जानलेवा हमला भी हुआ। अभी भी उन्हें सतर्क रहना होगा। अमेरिकी इतिहास में ऐसी चीजें पहले भी हो चुकी हैं। कई बड़े नेताओं की हत्या हुई। उम्मीद है कि ट्रम्प इसे समझते होंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प जुलाई में पेंसिल्वेनिया में भाषण दे रहे थे तब उन पर जानलेवा हमला हुआ था। इसमें वे मामूली तौर पर घायल हुए थे। इसके बाद सितंबर में फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स में एक एक शख्स ने उनकी जान लेने की कोशिश की थी, लेकिन वे नाकाम हो गया। पुतिन ने यह भी कहा कि ट्रम्प के परिवार और उनके बच्चों के खिलाफ कई बातें कही गईं। रूस में ऐसा नहीं होता है। यहां बुरे लोग भी परिवार को बीच में नहीं लाते। पुतिन कजाकिस्तान में पत्रकारों से बात कर रहे थे। पुतिन यहां एक डिफेंस समिट में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। पुतिन बोले- ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ा रहे बाइडेन पुतिन ने यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियारों का रूस में इस्तेमाल करने की अनुमति देने पर कहा- बाइडेन प्रशासन



जानबूझकर ट्रम्प के लिए मुश्किलें बढ़ा रहा है। हालांकि ट्रम्प एक 'होशियार राजनेता' हैं जो जंग खत्म करने के लिए कोई न कोई समाधान ढूंढ़ लेंगे। हम भी ट्रम्प से बातचीत के लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या बाइडेन के फैसले से क्या रूस-अमेरिका के संबंधों पर असर पड़ेगा, पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ट्रम्प के आने के बाद चीजें बेहतर हो सकती हैं। ट्रम्प चुनावी प्रचार के दौरान कई बार यूक्रेन जंग को 24 घंटे में खत्म करने का दावा कर चुके हैं। हालांकि वे इसे कैसे खत्म करेंगे, यह नहीं बताया है। पुतिन ने यूक्रेन पर और ज्यादा 'ओरेश्निक' मिसाइलों से हमला करने की धमकी दी। रूस ने पहली बार 21 नवंबर को यूक्रेन के निप्रो शहर पर ओरेश्निक से हमला किया था।

पुतिन ने कीव पर और हमला करने की धमकी दी रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर करीब 200 मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। इस पर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की ओर से रूस में लंबी दूरी की एटीएसीएमएस मिसाइलों से किए गए हमले के जवाब में यह हमला किया गया है। पुतिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि कीव में और हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि रूस पहले हमला नहीं करता।

यूक्रेन में 10 लाख लोग बिना बिजली 0 डिग्री तापमान में रहने को मजबूर रूस के हमले के बाद यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशेंको ने कहा कि देश में ऊर्जा के लगभग सारे साधन ठप पड़ गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में लगभग 10 लाख लोगों को 0 डिग्री तापमान में बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी।

हालुशेंको ने कहा कि, यूक्रेन में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक हो रहे हैं, इस वजह से नेशनल पावर ग्रिड के ऑपरेटर ने इमरजेंसी बिजली कटौती शुरू कर दी है। कीव, ओडेसा, निप्रो और डोनेट्स्क में बिजली सप्लाई में मुश्किल हो रही है। रूस ने फरवरी 2022 के बाद से कई बार यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है, इस वजह से बार-बार देश भर में इमरजेंसी बिजली कटौती और रोलिंग ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हुई है। यूक्रेन के मुताबिक सिर्फ इस साल रूस ने 11वीं बार एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कामधेनु लिमिटेड मध्य प्रदेश में करेगी अपनी उपस्थिति को और मज़बूत

**भोपाल ।** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्टकी मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्टकी उत्पादन क्षमता को और बढाकर 04 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्टकी बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के साथ की

**मुंबई , एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और भारत की लीडिंग प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में शामिल भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक रणनीतिक बैंकाश्योरेंस साझेदारी करने की घोषणा की है। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, भारती लाइफ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (भारती ग्रुप ) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी का उद्देश्य एयू एसएफबी के ग्राहकों को व्यापक रूप से लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) और वित्तीय सुरक्षा के विकल्प प्रदान करना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल और भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, पराग राजा ने आज मुंबई में एक कार्यक्रम में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह गठबंधन दोनों संस्थाओं की व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है जिसके अंतर्गत विकसित भारत और सभी के लिए इंश्योरेंस उनके लक्ष्य हैं। इस गठबंधन का उद्देश्य लोगों के बीच इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना, उनकी जरूरतों के अनुसार इंश्योरेंस प्रोडक्ट तैयार करना, इसके लिए प्रमुख बाजारों की पहचान कर वहां तक पहुंचना और बैंकाश्योरेंस और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन सहित, डिस्ट्रीब्यूशन के साथ रणनीतिक साझेदारी का पता लगाना है। इस साझेदारी के बाद एयू एसएफबी के ग्राहकों को तत्काल प्रभाव से, भारती एक्सा के लाइफ इंश्योरेंस और वित्तीय सुरक्षा समाधानों के व्यापक सेट तक पहुंच हासिल होगी, जिसमें लाइफ इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस, यूलिप योजनाएं, बचत योजनाएं, चाइल्ड एजुकेशन प्लान (बाल शिक्षा योजनाएं) और रिटायरमेंट प्लान शामिल हैं। इस रणनीतिक साझेदारी से दक्षिण भारत में एयू एसएफबी की पेशकश में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। एयू एसएफबी को वित्तीय समाधानों, सरल व अधिक कारगर सेवाओं और व्यक्तिगत आधार पर जरूरतों के अनुसार सपोर्ट की एक बड़ी रेंज के साथ ग्राहकों के लिए पूरी तरह से एक इकोसिस्टम बनाने के लिए भारती एक्सा लाइफ के डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो का लाभ मिलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ यूनिवर्सल बैंकिंग लाइसेंस के लिए अपने हालिया आवेदन के बाद, एयू एसएफबी रणनीतिक रूप से अलग अलग सेगमेंट में फैले हुए अपने एक करोड़ से अधिक के कस्टमर बेस (ग्राहक आधार) को अत्याधुनिक, टेक्नोलॉजी संचालित इंश्योरेंस के विकल्प प्रदान करने के लिए अपने बैंकाश्योरेंस पोर्टफोलियो को बढ़ा रहा है।

# मस्क के लिए भारत पर दबाव बना सकता है अमेरिका !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क इस समय अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे करीबी बने हुए हैं। उन्हें ट्रंप प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी मिल चुकी है। मस्क की नजर इस समय भारत के मार्केट पर है। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट भी शामिल है।

हालांकि मस्क भारत में ईवी को लेकर कितने एग्रेसिव हैं, इसके बारे में बहुत ज्यादा नहीं पता। लेकिन उनके हालिया व्यवहार को देखकर लगता है कि वह शायद ही भारत में एंट्री करें। लेकिन ट्रंप का साथ मिलने पर कुछ भी संभव है। अगर मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में प्रवेश करती है तो इसे महिंद्रा और टाटा जैसे ब्रांड से कड़ी टक्कर मिलेगी।

इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में मस्क भारतीय मार्केट से बहुत ज्यादा खुश नहीं हैं। इसका कारण हैं भारत में ईवी को लेकर नीतियां। मस्क ने वादा किया था कि वह भारत में 497 मिलियन डॉलर (करीब 41.5 अरब रुपये) निवेश करेंगे। इस रकम का इस्तेमाल भारत में तीन साल में नए कारखाने खोले जाएंगे जहां ईवी का प्रोडक्शन होगा।

उस समय भारत ने ईवी नीति में बदलाव किया था। इसमें विदेशी कार निर्माताओं से ईवी पर आयात करों को कम किया गया था। इसके बाद एलन मस्क ने इस साल अप्रैल में भारत आने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बारे में कहा था। हालांकि बाद में उन्होंने कंपनी में दबावपूर्ण मुद्दों का हवाला देते हुए भारत की अपनी यात्रा कैंसिल कर दी थी।

भारत में प्रवेश को लेकर मस्क बहुत ज्यादा उत्सुक नजर नहीं आ रहे हैं। भारत में ईवी परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है जो टेस्ला के लिए कम आकर्षक होता जा रहा है। वहीं भारत को उम्मीद नहीं है कि टेस्ला इंक. जल्द ही देश में निवेश के साथ आगे बढ़ेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला के अधिकारियों ने उनसे संपर्क करना बंद कर दिया है।

भारत में मस्क की रुचि में कमी तब आई जब टेस्ला ने वैश्विक स्तर पर तिमाही डिलीवरी में लगातार दूसरी बार गिरावट दर्ज की। साथ ही चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना किया।

टेस्ला ने भारत में एंट्री की अपनी योजना को लेकर कुछ नहीं कहा है। हालांकि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद यह संभावना है कि अमेरिका भारत को टेस्ला को और रियायतें देने के लिए मजबूर करेगा।

#### मंदी के बावजूद बेहतर प्रदर्शन

टेस्ला भारत में आएगी या नहीं, यह बाद का विषय है। लेकिन अभी भारतीय ईवी निर्माता बाजार में मंदी के बावजूद अपना इसे आगे बढ़ा रहे हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने हाल ही में बॉर्न इलेक्ट्रिक रेंज पेश की थी। चर्चा है कि महिंद्रा टेस्ला और किआ को टक्कर देने के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपने नए मॉडल लॉन्च कर सकती है।

#### भारतीय कंपनियां हैं पूरी तरह तैयार

भारत में छोटी और मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक कारों की तेजी से बढ़ती और बेहतर होती रेंज के साथ टेस्ला जैसे नए प्रवेशकों को भीड़ भरे बाजार का सामना करना पड़ेगा। लेकिन भारतीय ईवी निर्माता पहले से ही टेस्ला और भारत में प्रवेश की योजना बना रही अन्य बड़ी कंपनियों से चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

## लूट सको तो लूट लो, फ्लाइट की टिकट से लेकर स्मार्टफोन तक सब मिल रहा है सस्ते में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार ब्लैक फ्राइडे है। ऐसा दिन जब बहुत सारी चीजें सस्ती मिल रही हैं। यह डिस्काउंट कंपनियों की ओर से दिया जा रहा है। इसमें फ्लाइट की टिकट से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग तक शामिल है। आपको आईफोन भी सस्ते में खरीदने का मौका मिल रहा है। कई कंपनियां 50 फीसदी से ज्यादा डिस्काउंट दे रही हैं। पहले जानते हैं कि आखिर यह ब्लैक फ्राइडे सेल है क्या और इस दिन चीजें क्यों सस्ती हो जाती हैं। दरअसल, ब्लैक फ्राइडे सेल थैंक्सगिविंग डे के अगले दिन से शुरू होती है। थैंक्सगिविंग डे हर साल नवंबर महीने के आखिरी गुरुवार को मनाया जाता है। इसके अगले दिन यानी शुक्रवार से ब्लैक फ्राइडे सेल अगले शुरू होती है। यह सेल दुनियाभर में शुरू होती है। कह सकते हैं कि इस दिन से क्रिसमस की शॉपिंग शुरू हो जाती है। इस सेल की शुरुआत 1960 के दशक में अमेरिका में हुई थी। लेकिन अब यह लगभग पूरी दुनिया में फैल चुकी है।

आईआरसीटीसी ने भी ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू की है। अगर आप आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से फ्लाइट की टिकट बुक कराते हैं तो आपको भारी डिस्काउंट मिलेगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग पर कन्वीनियंस फीस पूरी तरह माफ होगी। इससे यात्री अपनी यात्राएं सस्ते में प्लान कर सकते हैं। यह ऑफर सिर्फ एक दिन यानी आज के लिए है।

#### ई-कॉमर्स पर भारी छूट

अगर आप फ्लिपकार्ट या अमेजन से शॉपिंग कर रहे हैं तो आपको भारी छूट मिलेगी। फ्लिपकार्ट पर ब्लैक फ्राइडे सेल सिर्फ आज यानी 29 नवंबर के लिए ही है। स्मार्टवॉच, ईयरबड्स, पावर बैंक जैसे स्मार्ट गैजेट 80 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगे। वहीं टीवी और अप्लायंसेज पर कम से कम 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## दो भाइयों ने लगाया गजब का दिमाग, शुरू किया ऐसा काम जिसमें हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा, 3 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऋषभ और रोहन सूरी सगे भाई हैं। वे केरल के रहने वाले हैं। इन्होंने खेती के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों से बायोडिग्रेडेबल बर्तन बनाने का स्टार्टअप शुरू किया है। इस स्टार्टअप का नाम कुदरत है। उनका मकसद प्लास्टिक और कागज के बर्तनों की जगह ऐसे बर्तन उपलब्ध कराना है जो जानवरों के लिए भी सुरक्षित हों। सर्फिंग करते समय समुद्र में फैले प्लास्टिक कचरे ने उन्हें यह काम करने के लिए प्रेरित किया।

## इस बदलते मौसम में कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ बनाइये अपनी इम्युनिटी को मजबूत

**नई दिल्ली।** मौसम में बदलाव के साथ इम्युनिटी अक्सर कमजोर हो जाती है और इसे मजबूत करने के लिये प्राकृतिक तरीके अपनाना जरूरी हो जाता है। न्यूट्रीशनिस्ट ऋतिका समद्दर आपके रोजाना के रूटीन में पोषक-तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह दे रही हैं, ताकि आपकी इम्युनिटी असरदार तरीके से बढ़ सके। ऐसा ही एक सुपरफूड है कैलिफोर्निया आमंड्स, जिनमें 15 जरूरी पोषक-तत्व होते हैं। बादाम के कई तरह से उपयोग किया जा सकता है और इसे खाकर पेट भरे होने का अहसास होता है। यह किसी भी व्यंजन, स्नैक या आहार में आसानी से मिल जाती हैं और पोषण का पावरहाउस बन जाती हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स में प्रोटीन, फाइबर और हेल्थी फैट्स जैसे पोषक-तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो उन्हें रोजाना के संतुलित आहार में शामिल करने के लिये बेहतरीन बनाते हैं। सेहत को उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में व्यापक जानकारी है। फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) बादाम को प्राकृतिक रूप से इम्युनिटी बढ़ाने के लिये डाइट में आवश्यक रूप से शामिल करने पर जोर देती है। इसके अलावा, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) डाइटरी गाइडलाइंस फॉर इंडियन्स बादाम को एक पोषक नट मानती हैं, जिन्हें अच्छी सेहत के लिये रोजाना खाया जा सकता है।

## बढ़ता कद: जिम रोजर्स बोले- दशकों बाद सही आर्थिक फैसले ले रहा भारत, विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से बढ़ा रहा कदम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक निवेशक 82 वर्षीय जिम रोजर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत दशकों बाद सही आर्थिक फैसले ले रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार में काफी सारे बड़े बदलाव आए हैं।

जिम रोजर्स ने कहा, भारत 2047 तक विकसित राष्ट बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कारण मैं दोबारा से यहां निवेश करना पसंद करूंगा। आप जानते हैं, कई दशकों से भारत ने बहुत सी अच्छी चीजों के बारे में बात की है, लेकिन उन अमल नहीं किया गया। मुझे कभी भी ऐसा नहीं लगा कि भारत ने अर्थशास्त्र को समझा है और आगे क्या करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब मेरे जीवन में पहली बार लगता है कि भारत चीजों को समझ रहा है। इसका मतलब यह है कि चीजें आगे और बेहतर होने वाली हैं। भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक में मजबूती से बढ़ी है। आजादी के बाद निवेश हुए 14 लाख करोड़ डॉलर में से 8 लाख करोड़ डॉलर बीते 10 वर्षों में आए हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा भारतीय लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। एजेंसी

#### भारत की विकास दर जी20 में सबसे ज्यादा

रोजर्स ने कहा, भारत की विकास दर जी20 देशों में सर्वाधिक 7 फीसदी है। इसकी वजह देश में निजी उपभोग बढ़ना है। कई वर्षों के बाद भारत को यह अहसास हुआ है कि संपन्नता व सफलता खराब चीज नहीं है।

## रतन टाटा की ख्वाहिश, मैं चाहूंगा...मुझे कुछ इस तरह याद रखे दुनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन इंडस्ट्री के लीजेंड और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। हर कोई उनकी विजनरी लीडरशिप का कायल है। रतन टाटा की जिंदगी और उनकी कहीं बातें बहुत सारे लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। रतन टाटा की ख्वाहिशों में से एक यह थी, मेरी चाहत है कि मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाए, जिसने कभी दूसरों को आहत नहीं किया और हमेशा बिजनेस के सर्वोत्तम हित में काम किया है। रतन टाटा ने यह बात साल 2014 में कोलकाता में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के लेडीज स्टडी ग्रुप की तरफ से आयोजित एक इंटरैक्शन में कही थी। रतन टाटा ने फरवरी 2018 में सीएनबीसी पर सुहेल सेठ के साथ एक इंटरव्यू में कहा था, मैं चाहूंगा कि मुझे एक ऐसे शख्स के रूप में याद किया जाए, जो बदलाव लाया।

## शेयर.मार्केट ने ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिस्काउंट ब्रोकिंग में शीट्स की शुरुआत की

**9 शीट्स यूजर के लिए ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगी और उन्हें सूचित निवेश निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी**

share.market — A पे PhonePe Product

**बेंगलुरु, एजेंसी।** फोनपे का प्रोडक्ट, शेयर.मार्केट ने आज शीट्स के लॉन्च की घोषणा की, जो डिस्काउंट ब्रोकिंग जगत में उद्योग की पहली पेशकश है । इससे बाजार हिस्सेदारियों को सशक्त बनाने और उनके ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वेब प्लेटफॉर्म ह्लह्लह्वस्द्र.ह्यद्धड्डह्द.द्वड्डह्म्द्मद्ग पर उपलब्ध, शीट्स बाजार डेटा को सीधे स्प्रेडशीट में आयात करके और अपने ट्रेडिंग मॉडल और रणनीतियों को सहजता से बनाकर ट्रेडर्स की मदद करता है। शेयर.मार्केट ने शीट्स के अभूतपूर्व लॉन्च के साथ उद्योग को फिर से परिभाषित किया है, तथा यह देश का एकमात्र डिस्काउंट ब्रोकर बन गया है जो यह अभिनव सुविधा प्रदान करता है। यह अत्याधुनिक टूल बाजार हिस्सेदार को आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाता है, जिससे उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग करने और कार्रवाई योग्य बाजार को परख कर उसे उजागर करने में मदद मिलती है।

सीमित या बिना प्रोग्रामिंग बैकग्राउंड वाले ट्रेडर्स और निवेशक, विशिष्ट रणनीतियों और मानदंडों मिलाकर सैकड़ों स्टॉक को मैन्युअल रूप से मैनेज और विश्लेषण कर सकते हैं, जो ज्यादा समय लेने वाला और जटिल काम है। शीट्स इस चुनौती का समाधान करता है और ट्रेडर समुदाय को विकल्प रणनीति बनाने, खरीद और बिक्री संकेत तैयार करने और वास्तविक समय के आधार पर विचारधारा को प्रभावी ढंग से विश्लेषण करने में सक्षम बनाती है।

शीट्स के लॉन्च पर, शेयर.मार्केट के ष्टश्व्रह्र उज्ज्वल जैन जी का कहना हैं, कि शेयर.मार्केट लगातार बाजार हिस्सेदारियों के लिए ब्रोकिंग अनुभव को बेहतर बनाने और उन्हें सूचित निर्णय लेने के लिए बुद्धिमान बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करता है। शीट्स डिस्काउंट ब्रोकिंग इकोसिस्टम में एक अनोखा टूल है, जो मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना कई स्टॉक पर नज़र रखने की प्रक्रिया को ऑटोमेट करेगा।। इससे ट्रेडर्स को जल्द निवेश रणनीति बनाने और एरर के जोखिम को कम कर पाएंगे। ये टूल्स बाजार के सिग्नल, प्रवृत्तियों और मूमेंटम परिवर्तनों की सटीक पहचान करने में सक्षम बनाते हैं। इन शक्तिशाली नई फीचर के साथ, शेयर.मार्केट ट्रेडर्स और निवेशकों को अपनी रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है, जिससे उन्हें स्मार्ट, मार्किट सिग्नल निर्णय लेने में वास्तव में महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। आने वाली तिमाहियों में, शीट्स उभरते और अनुभवी ट्रेडर्स दोनों के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उन्नत सुविधाएँ पेश करेगी। इनमें कस्टम स्ट्रेटेजी बिल्डर शामिल होगा जो ट्रेडर्स को लाभ और हानि की भविष्यवाणी करने, ब्रेक-ईवन पॉइंट निर्धारित करने और लाइव चार्ट देखने की अनुमति देगा। ट्रेडर्स को पूर्व-निर्मित रणनीतियों, जैसे कि कोंडोर्स, स्प्रेड्स, लैडर आदि तक भी पहुंच प्राप्त होगी, जिन्हें आसानी से उनके मौजूदा टेम्पलेट्स में एकीकृत किया जा सकता है और वे अपने निवेश कदमों की योजना बना सकते हैं।

शेयर.मार्केट ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिसका लाइफटाइम ग्राहक आधार 2.5 मिलियन है तथा मासिक एक्टिव म्यूचुअल फंड स्ह्लक्लेनदेन 2 मिलियन से अधिक है। अगस्त 2024 तक, इसने 2 लाख एक्टिव निवेशकों को पार कर लिया, और खुद को भारत में 21वें सबसे बड़े ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया।

# ठंड की दस्तक पड़ी तो महंगे हो गए मसाले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ठंड की दस्तक पड़ गई है। ठंड में आमतौर पर साग-सब्जी सस्ती हो जाती है। लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। अभी भी दिल्ली में गोभी का फूल 80 रुपये किलो तो गाजर 40 रुपये किलो, टमाटर 60 रुपये किलो, आलू 40 रुपये किलो प्याज 50 रुपये किलो बिक रहा है। कहा जाता है कि इस बार बारिश का मौसम देर तक चला। इसलिए सब्जियों की बुवाई समय पर नहीं हो पाई। इसलिए लोकल सब्जियां अभी तक बाजार में नहीं आई हैं। अब ठंड बढ़ने के साथ ही दिल्ली के थोक बाजार में मसालों के दाम चढ़ गए हैं।

खुले बाजार में गेहूं के दाम बढ़ने की वजह से इस समय अनब्रांडेड आटा, मैदा और ब्रेड आदि सब महंगे हो गए हैं। कुछ महीने पहले 700 ग्राम के ब्रेड या पावरोटी का जो लोफ 45 रुपये में मिला करता था उसकी कीमत पहले 55 रुपये हुई। अब पिछले दिनों ही चुपके से भी ब्रेड कंपनियों ने इसकी कीमत बढ़ा कर 60 रुपये कर दी।

महंगाई को हवा देने में अब मसाले भी पीछे नहीं हैं। राजधानी दिल्ली में मसालों के थोक बाजार खारी बावली में छोटी इलायची, बड़ी इलायची, काली मिर्च से लेकर अन्य मसालों की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक डिमांड की अपेक्षा सप्लाई कम है जिसकी वजह से मसाले के भाव बढ़ रहे हैं।

गौरतलब है कि खारी बावली में मसालों की एक बड़ी मार्केट है, जहां सभी प्रकार के मसाले थोक दाम में बिकते हैं। दिल्ली से लेकर आसपास के प्रदेशों में यहां से मसालों की सप्लाई होती है।

नॉर्दर्न स्पाइसेज ट्रेडर्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट रविंद्र अग्रवाल बताते हैं कि ठंड की दस्तक के बाद से मसालों की डिमांड बढ़ी है। आलम यह है कि बड़ी इलायची की कीमत थोक मंडी में 1500 रुपये प्रति किलो था जो अब 1700 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसके अलावा छोटी इलायची की कीमत 2600 रुपये प्रति किलो थी, अब इसकी कीमत 3000 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसके पीछे का कारण क्रॉप की कमी है, जिसकी वजह से दाम बढ़ रहे हैं। वहीं काली मिर्च की कीमत में प्रति किलो 20 रुपये और दालचीनी की थोक कीमत में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है।

# रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350: सत्तर के दशक की गोवा मोटो-संस्कृति से प्रेरित एक मोटरसाइकिल



**मुंबई, एजेंसी।** 70 और 80 के दशक की गोवा की अनोखी मोटो-संस्कृति से प्रेरित, रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। गोअन क्लासिक 350 सिर्फ एक बाइक नहीं, बल्कि खुद को अपने अंदाज में जताने का जरिया है। यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए है जो हमेशा नई राहें खोजने और जिंदगी को अपने अंदाज में जीने की चाहत रखते हैं।

हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और 'ट्रिप्ड-अप' क्रिएशन से प्रेरित है, जो बॉबर और गोवा की जिंदादिल लाइफस्टाइल के जोश का संगम है। चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गईं लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉटे उन दिनों की याद दिलाती हैं जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल ज़रूरी चीज़ों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व्यक्तित्व नजर आता था। इंजन का हर रेव गोवा के सुनहरे ग्रूव की भावना के साथ गूंजता है, ठीक वैसे ही जैसे सूरज की किरणों से भीगे दिन आपको हर पल का आनंद लेने के लिए प्रेरित करते हैं। सच्चे बॉबर-प्रेरित डीएनए के साथ, मोटरसाइकिल की विशेषता सिंगल-सीट डिज़ाइन, फ्लोटिंग राइडर सीट और ट्यूबलेस स्पोक व्हील्स पर व्हाइटवॉल टायर हैं जो बॉबर संस्कृति के जाने-माने कस्टमाइज़ेशन को दर्शाते हैं।

नई गोअन क्लासिक 350 के बारे में बात करते हुए, आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ लाल ने कहा, गोअन क्लासिक स्वतंत्रता और व्यक्तित्व की भावना के लिए एक हार्दिक सम्मान है, जिसका रॉयल एनफील्ड ने दशकों से समर्थन किया है। मेरे लिए, यह मोटरसाइकिल गोवा की मोटो-संस्कृति और रॉयल एनफील्ड के जुनून का प्रतीक है, जो ऐसी मोटरसाइकिलें बनाने के लिए है जो सिर्फ मशीन से कहीं ज़्यादा हैं और यह आत्म-खोज और अभिव्यक्ति का एक साधन हैं। यह मोटरसाइकिल न केवल गोवा की सड़कों पर घर जैसा महसूस कराती है, बल्कि हर जगह जिंदादिल और बेफिक्र राइडर्स के लिए गोवा का खुशनुमा एवं आरामदायक अहसास लाती है। नई मोटरसाइकिल के बारे में बात करते हुए, रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा, कस्टम बॉबर संस्कृति में निहित, गोअन क्लासिक डिजाइन और आधुनिक इंजीनियरिंग का एक सुंदर मिश्रण है। लो-स्लंग सिलहॉटे और सिंगल फ्लोटिंग राइडर सीट, आकृति और एर्गोनॉमिक्स, और रंगों के चमकदार संयोजन से, गोअन क्लासिक में बहुत ही बोहेमियन और जिंदादिली का एहसास देने वाला वाइब है जो आरामदायक सवारी भी है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल मंजूर ! लेकिन सामने रखीं अपनी शर्तें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान के पास है। लेकिन अभी तक टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। वहीं, टूर्नामेंट कहां होगा इसको लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। भारतीय टीम ने पहले ही पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया तो ऐसे में आईसीसी इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने पर विचार कर रही है। आईसीसी ने इसके लिए 29 नवंबर को एक बैठक भी की थी। हालांकि, उस बैठक में कुछ पाकिस्तानियों ने हाइब्रिड मॉडल पर आपत्ति जताई थी।

खबरों की मानें तो अब पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार है लेकिन उसने आईसीसी के सामने कुछ ऐसी शर्तें रखी हैं, जिन्हें आईसीसी मान भी सकती है। फाइनल फैसला क्या होगा यह अभी देखा जाना है। पीसीबी चाहता है कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच लाहौर में हो। इसे बैकअप के तौर पर रखना चाहिए। अगर भारतीय टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो इस टूर्नामेंट का फाइनल लाहौर में ही कराया जाना चाहिए।

पीसीबी ने यह भी कहा कि अगर भारत भविष्य में कोई आईसीसी टूर्नामेंट आयोजित करता है तो वह टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल पर होना चाहिए। पाकिस्तान अपने मैच भारत में नहीं खेलेगा। पीसीबी ने साफ कहा है कि जब पाकिस्तान भारत आकर नहीं खेल सकता तो पाकिस्तान टीम भी भारत जाकर नहीं खेलेगी। यह प्रतियोगिता 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने की उम्मीद है। 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है। 2017 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी आईसीसी कैलेंडर में लौट रही है। पाकिस्तान ने 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। वहीं, भारतीय टीम 2013 के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीत पाई है।

आईसीसी के समझाने के बाद भी पीसीबी बैठक में नहीं मानी। आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी का मजा नहीं आएगा। सबसे बड़ी बात तो ये है कि अगर दोनों देशों के बीच मैच नहीं हुआ तो बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। हालांकि आज जो खबरें आ रही हैं उससे लग रहा है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित किया जाएगा।




# भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में आग उगलने को तैयार ये ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगामी एडिलेड टेस्ट में हिस्सा लेने पर कहा कि वे अच्छी स्थिति में हैं। 6 दिसंबर से शुरू होने वाले एडिलेड टेस्ट में जोश हेजलवुड की जगह लेने के लिए बोलैंड पसंदीदा खिलाड़ी हैं। बोलैंड वर्तमान में कैनबरा में हैं, जहां भारत के खिलाफ पीएम एकादश का दो दिवसीय अभ्यास मैच होना है। बोलैंड ने माना कि उन्होंने सीजन में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है, हालांकि, अब उनका शरीर अच्छा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से पहले सामान्य तैयारी होगी। जाहिर तौर पर मैंने सीजन की शुरुआत में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने इतना क्रिकेट खेला है कि मुझे लगता है कि मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं। मेरा शरीर अब वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा है। कुछ हल्की-फुल्की चोटें थीं, लेकिन घुटने और पैर वास्तव में अच्छे लग रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि गेंद कैसे बाहर आ रही है।

पर्थ टेस्ट में भारत से 295 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने पुष्टि की कि उनकी टीम के चेंजिंग रूम में कोई पैनिक स्टेशन नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे चेंजिंग रूम में निश्चित रूप से घबराहट की कोई स्थिति नहीं है। जाहिर तौर पर व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में कुछ बातचीत होगी और हर कोई अपने द्वारा खेले जाने वाले प्रत्येक खेल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। बता दें कि न्यूजीलैंड से 3-0 से टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद भारतीय टीम पर्थ में पहली पारी में महज 150 रन पर आउट होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराने में कामयाब रही थी।

# टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च, हरमनप्रीत कौन को आई पसंद

**-22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में टीम पहनेगी नई जर्सी**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मुंबई में बीसीसीआई दफ्तर में टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी का अनावरण किया। इंडिया टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने एक वीडियो में कहा कि आज जर्सी का अनावरण करना सम्मान की बात है और मुझे वास्तव में खुशी है कि आप जानते हैं, हम पहले व्यक्ति हैं जो वेस्ट इंडीज टीम के खिलाफ इस जर्सी को पहनने जा रहे हैं। जर्सी का लुक पसंद आया। यह वास्तव में सुंदर है हमें एक विशेष वनडे जर्सी मिली है।

टीम इंडिया 15 दिसंबर से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगा। इसके बाद नवी मुंबई और वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वन-डे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। जनवरी में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टीम इंडिया 15, 17 और 19 दिसंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन टी20 मैचों में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, जिसके बाद 22, 24 और 27 दिसंबर को वडोदरा में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया 10, 12 और 15 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में तीन वनडे मैचों की सीरीज आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। ये दोनों वनडे सीरीज आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगी, जो भारत में अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन प्लेटफॉर्म है।

# टीम इंडिया का प्रैक्टिस मैच बारिश की भेंट चढ़ा, अब रविवार को होगा वनडे मैच

**कैनबरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार को मनुका ओवल में भारत के 2 दिवसीय दौरे के मैच का शुरुआती दिन बारिश के कारण रद्द हो गया। अब सिर्फ एक दिन बचा है तो ऐसे में प्रबंधन ने वनडे मैच करवाने का फैसला लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई ने लिखा- अपडेटः प्रधानमंत्री एकादश बनाम भारत - मनुका ओवल। पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया है और कल (रविवार) सुबह 9ः10 बजे फिर से शुरू होगा। टॉस 8ः40 बजे होगा। टीमें 50 ओवर खेलने के लिए सहमत हो गई हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले लगातार बारिश के कारण गुलाबी गेंद वाले टूर मैच के पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया। सुबह करीब 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक (स्थानीय समयानुसार) लगातार बूंदाबांदी से खेल की उम्मीद कम रह गई थी। बारिश के कारण पूरे कवर को हटाया ही नहीं जा सका। भारतीय टीम ने थोड़े समय के लिए मैदान का दौरा किया लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए उनके पास रुकने का कोई कारण नहीं था।




हालांकि दिन के अंत में बारिश में थोड़ी राहत मिलने से गतिविधियां शुरू हो गईं। अंपायरों ने टीम के सहयोगी स्टाफ को जानकारी दी। हालांकि, ग्राउंड स्टाफ ने अंततः कवर बहाल कर दिए और आगे कोई कार्रवाई नहीं करने का संकेत देते हुए शाम 6ः30 बजे चले गए। शाम 7 बजे भारी बारिश फिर से शुरू हुई, जिससे आधिकारिक तौर पर खेल की कोई संभावना नहीं रही।

बता दें कि गुलाबी गेंद टेस्ट से पहले भारतीय टीम के पास दिन-रात टेस्ट के लिए मैच की स्थिति के अनुकूल होने का रविवार को आखिरी मौका होगा। दूसरे टेस्ट के लिए रोहित शर्मा की उपलब्धता भारत के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रही है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बिना होगा, जिन्होंने 2020 में एडिलेड में भारत के कुख्यात 36 ऑल-आउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# मनु इसलिए नेशनल चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगी : राणा

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने एक बार फिर अभ्यास शुरु कर दिया है पर वह अगले महीने होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं खेलेंगी। मनु ने पिछले माह अक्टूबर में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ निशाने विश्वकप में भी फाइनल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। इस प्रकार ये दूसरा टूर्नामेंट है जिसमें वह नजर नहीं आयेंगी।। मनु के कोच जसपाल राणा के अनुसार मनु ने अभी पर्याप्त अभ्यास नहीं किया है, इसलिए वह किसी बड़े टूर्नामेंट में नहीं उतरना चाहती हैं। वह अभी अपनी ग्रिप को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हैं। कोच ने कहा कि हम फिलहाल मनु भाकर की ग्रिप को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस कारण हमने यूरोपीय दौरे का फैसला पहले ही कर लिया था। ऐसे कई पक्ष है जिसपर हमें ध्यान देना है। जिससे वह आने वाले समय में और बेहतर निशानेबाज के तौर पर उभरेंगी।



# डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया को साउथ अफ्रीका ने एक पायदान नीचे धकेला, टीम इंडिया अभी भी नंबर 1



नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा नुकसान हुआ है। साउथ अफ्रीका ने टेम्बा बावुमा की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में 233 रन से बड़े अंतर से हरा दिया। इस मैच में बेहतरीन ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले मार्को यानसेन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में ऑस्ट्रेलिया को नीचे धकेल दिया और दूसरे नंबर पर पहुंच गई। साउथ अफ्रीका की इस जीत से भारत को कोई फर्क नहीं पड़ा और अब भी पहले नंबर पर है। डरबन टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका को मिली जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को बड़ी निराशा मिली और ये टीम WTC अंकतालिका में तीसरे स्थान पर आ गई। इससे पहले कंगारू टीम दूसरे स्थान पर मौजूद थी। भारत के खिलाप दूसरे टेस्ट मैच से पहले ये ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर बिल्कुल भी नहीं है। साउथ अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी के 223-25 साइकल में अब तक 9 मैच खेले हैं जिसमें उसे 5 में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और 1 मैच ड्रॉ रहा है। इस टीम की जीत का प्रतिशत अब 59.260 है। भारत की बात करें तो इस टीम ने 15 मैचों में 9 मैच जीते हैं जबकि 5 मैच गंवाए हैं और एक मैच ड्रॉ खेला है। भारत की जीत का प्रतिशत अभी 61.110 है और वो अब भी पहले नंबर पर बरकरार है। वहीं कंगारू टीम ने 13 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में उनसे हार मिली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है और इस टीम की जीत का प्रतिशत 57.690 है। अंकतालिका में इंग्लैंड की टीम चौथे नंबर पर है जबकि श्रीलंका की टीम 5वें नंबर पर है। वहीं पाकिस्तान 7वें नंबर पर है।

# सैयद मोदी बैडमिंटन: सिंधु एकल तथा क्रैस्टो-कपिला मिश्रित युगल के फाइनल में

**लखनऊ (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया। सिंधु का अगला मुकाबला थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। इससे पहले तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया। उनका अगला मुकाबला चीन की पिन यी लियाओ और के शिन हुआंग तथा थाईलैंड की डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।






# रोहित की वापसी के बाद भी राहुल ही करें पारी की शुरुआत : पुजारा

कैनबरा। बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करें। रोहित के पहले टेस्ट में नहीं होने के कारण राहुल ने यशस्वी के साथ पारी शुरु की थी। इस जोड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करने वाले पुजारा का मानना ??है कि सीरीज के पहले मैच में 295 रन की जीत के बाद सलामी जोड़ी में कोई बदलाव नहीं होना चाहिये। उन्होंने कहा कि यशस्वी ने पहली पारी में शानदार शतक लगाया। वहीं राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पर्थ में दो पारियों में 26 और 77 रन बनाए। पुजारा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम इसी बल्लेबाजी क्रम को जारी रख सकते हैं तो रोहित तीसरे नंबर पर आ सकते हैं और शुभमन पांचवें नंबर पर आ सकते हैं। अगर रोहित शुरु करना चाहते हैं, तो राहुल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके बाद कुछ नहीं। मुझे लगता है कि उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि यह उनके खेल के लिए बहुत अच्छा है। मुझे उम्मीद है कि इसमें बदलाव नहीं होगा। वहीं पुजारा ने कहा, आदर्श रूप से शुभमन के लिए 5 वां स्थान अच्छा है इससे उन्हें एक समय में आने का मौका मिलता है, भले ही हम दो विकेट जल्दी खो दें, वह ऐसा खिलाड़ी है जो नई गेंद से निपट सकता है। लेकिन अगर वह 25 या 30 ओवर के बाद आता है, तो वह अपने शॉट खेल सकता है। वह अपना स्वाभाविक खेल खेल सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम पहले तीन विकेट जल्दी खो देते हैं, तो शुभमन आता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत को बचाता है। पंत को नई गेंद का सामना नहीं करना पड़ता है। पुजारा ने कहा, मैं नहीं चाहूंगा कि वह तब बल्लेबाजी के लिए आए जब गेंद सख्त और नई हो।



# अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान ने भारत को हराया, पाकिस्तान के लिए शाहजेब ने जड़ा शतक

**दुबई (एजेंसी)।** अंडर-19 एशिया कप 2024 के एक मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को हरा दिया। पाकिस्तान के लिए ओपनर बल्लेबाज शाहजेब खान 159 रनों की पारी खेली। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम को 44 रनों से हार गयी। पाकिस्तान ने भारत को जीत के लिए 282 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 48वें ओवर में 237 रनों पर सिमट गई। 282 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने शुरुआत से ही विकेट गंवाए। उसने चौथे ही ओवर में वैभव सूर्यवंशी का विकेट गंवा दिया, जो सिर्फ 1 रन बनाकर अली रजा की गेंद पर चलते बने। दूसरे ओपनर आयुष म्हात्रे भी खास नहीं कर पाए और 20 रन बनाकर अब्दुल सुभान का शिकार बने। भारतीय टीम के विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा। निखिल कुमार ही संघर्ष कर सके, जिन्होंने 77 गेंदों पर 60 रन बनाए। निखिल ने अपनी पारी में 6 चौके के अलावा तीन छक्के लगाए। पुछल्ले बल्लेबाज मोहम्मद एनान ने 30 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से अली रजा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। जबकि अब्दुल सुभान और फरहान उल हक को दो-दो सफलता हाथ लगी। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 281 रन बनाए। शाहजेब खान ने सबसे ज्यादा 159 रनों की पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और पांच चौके शामिल रहे। उस्मान खान ने 6 चौके की मदद से 94 गेंदों पर 60 रन बनाए। उस्मान खान और शाहजेब खान के बीच पहले विकेट के लिए 160 रनों की पार्टनरशिप हुई। मोहम्मद रियाजुल्लाह ने भी 27 रनों का अहम योगदान दिया। भारत की ओर से तेज गेंदबाज समर्थ नागराज ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं आयुष म्हात्रे को दो सफलता हासिल हुई। युद्धजीत गुहा और किरण चोरमले ने भी एक-एक चटकाया। भारतीय टीम ग्रुप-बी के अपने अगले मुकाबले में 2 दिसंबर (सोमवार) को जापान का सामना करेगी।



# दक्षिण अफ्रीका दौरे में हो सकती है बाबर आजम सहित इन खिलाड़ियों की वापसी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे में पूर्व कप्तान बाबर आजम, फखर जमां के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह की वापसी हो सकती है। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले कुछ दिनों में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए एकदिवसीय टीम की घोषणा करेगा। पाक टीम अपने इस दौर में तीन एकदिवसीय, तीन टी20द्ब और दो टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार फखर को पहले फिटनेस टेस्ट में असफल होने और घुटने की समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बाहर कर दिया गया था पर अब वह फिट हो गये हैं। इसलिए उनके नाम पर विचार की पूरी संभावना है। '' वहीं चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सुझाव दिया है कि केवल टेस्ट सीरीज के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी के लिए ट्रेनिंग कैंप के लिए दक्षिण अफ्रीका भेजा जाए।卐 अभी पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेल रही है। उन्होंने कहा कि बाबर के साथ-साथ शाहीन और नसीम को भी एकदिवसीय और टेस्ट टीम में शामिल किया जाये। इन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया था। फखर को टी20 मुकाबालों के लिए भी बुलाया जा सकता है पर बाबर, शाहीन और नसीम को केवल तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट में अवसर दिया जा सकता है।




# हम 49 साल से विश्व कप में पदक नहीं जीत पाए, इसे जीतना चाहते हैं : हरमनप्रीत


**नई दिल्ली (एजेंसी)** नई दिल्ली ः भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास दो ओलंपिक कांस्य पदक हैं, लेकिन उन्हें विश्व कप में पदक नहीं जीत पाने का मलाल है और वह इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और अजीत पाल की अगुवाई में 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था।

हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस खेलों में वह टीम के कप्तान भी थे। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा तात्कालिक लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के मैच हैं। हम एशिया कप में जीत दर्ज करते विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं।

हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से जी सकेंगे। जब तक हम इसे हासिल नहीं कर लेते, हम हार नहीं मानेंगे। जहां तक हरमनप्रीत के व्यक्तिगत लक्ष्य की बात है तो वह अपने ड्रैग-फ्लिक कौशल को बेहतर बनाना चाहते हैं और अपने करियर को लंबा करने के लिए फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रैग-फ्लिक दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है और मेरा लक्ष्य अपने कौशल में लगातार सुधार करना और फिट बने रहना है।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# आमिर ने मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्कायर यार्ड्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपये में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्कायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है। आमिर का यह नया अपार्टमेंट पाली हिल एरिया की बेला विस्ता अपार्टमेंट्स नाम की अप-स्केल बिल्डिंग में है।

### आमिर के हैं और भी अपार्टमेंट

आमिर के पास बेला विस्टा और पाली हिल्स में मरीना में भी कई अपार्टमेंट हैं और दोनों जगहों को नया रूप दिया जा रहे है। नेट वर्थ की बात करें तो मुंबई के पॉश इलाके में आमिर का एक आलीशान घर है। साल 2009 में उन्होंने इसे खरीदा था। उस वक्त इस घर की कीमत लगभग 18 करोड़ रुपये थी। इसमें दो फ्लोर हैं। घर में एक बड़ा सा ओपन एरिया है, जहां आराम से पार्टियां और इवेंट्स हो सकते हैं।

### इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं अभिनेता

आमिर खान के वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्टर की अपकमिंग फिल्म में सितारे जमीन पर में नजर आएंगे। इस मूवी में उनकी को-स्टार जेनेलिया डिसूजा होंगी। फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले आमिर की फिल्म लापता लेडीज ने भी ओटीटी र खूब धमाल मचाया था और इसे दर्शकों की खूब सराहमा मिली थी। अब फैंस को अभिनेता की आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है।



# ऋचा ने साइन की कॉमेडी फिल्म, कहा- लंबे ब्रेक पर नहीं जाऊंगी

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। वह प्रेग्नेंसी के 9वें महीने को एन्जॉय कर रही हैं। लेकिन इन दिनों वह अपनी अगली कॉमेडी फिल्म साइन करने को लेकर सुर्खियों में हैं। इस पर काम अक्टूबर में शुरू होने वाला है। बताया जा रहा है कि कॉमेडी फिल्म की स्क्रिप्ट पहले से ही तैयार है, जिसे अमितोष नागपाल ने लिखा है। फिल्म नॉर्थ इंडिया पर सेट है। मैटरनिटी ब्रेक के दौरान काम करने को लेकर ऋचा ने कहा, मैं सभी महिलाओं की ओर से बात नहीं कर सकती। हर किसी का सफर अलग होता है। लेकिन मैं लंबे ब्रेक पर नहीं रहूंगी। मैं जल्द से जल्द काम पर वापस लौटने की कोशिश करूंगी। मेरे पास कई प्रोजेक्ट्स पेंडिंग पड़े हुए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह अपनी मां से प्रेरित हैं, उन्होंने दोनों भूमिकाओं को कुशलता से निभाया है।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि मैं दोनों जिम्मेदारियों को अच्छे से निभा सकती हूं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके आस-पास किस तरह का सपोर्ट सिस्टम है और आपका साथी कितना मददगार है। इन मामलों में, मैं दोनों ही चीजों में भाग्यशाली हूं। उन्होंने कहा, मैंने मुंबई की महिलाओं को 9वें महीने में भी लोकल ट्रेन से काम पर जाते हुए देखा है, वे अपने गजरे के साथ पूरी तरह सजी-धजी दिखती हैं। मैं औसत भारतीय महिला से बहुत प्रेरित हूं और नहीं चाहती कि इसे मेडिकल कंडीशन के रूप में देखा जाए। यह जिंदगी का एक स्वाभाविक हिस्सा है।

फिल्म के निर्माण से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि ऋचा को स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है। प्री-प्रोडक्शन का काम अगस्त में होने वाला है। फिल्म की शूटिंग सर्दियों में की जाएगी। ऋचा चड्ढा ने साल 2022 में परिवार और दोस्तों के मौजूदगी में अली फजल के साथ शादी की। दोनों की मुलाकात साल 2012 में फिल्म फुकरे के सेट पर हुई थी। इस दौरान दोनों की दोस्ती हुई, जो गहरी होती-होती प्यार में बदल गई। एक इंटरव्यू में ऋचा ने बताया कि दोनों में से सबसे पहले प्यार का इजहार उन्होंने ही किया था और अली ने 3 महीने के बाद हां में जवाब दिया था। दोनों ने लंबे वक्त तक अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा था। मालदीव ट्रिप के दौरान अली ने ऋचा को शादी के लिए प्रपोज किया था। दोनों ने 2020 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की, और 4 अक्टूबर 2022 को कपल ने रीति-रिवाजों के अनुसार धूमधाम से लखनऊ में शादी की। इसी साल फरवरी में ऋचा और अली ने अपने फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की कि वे पहली बार पेरेंट्स बनने वाले हैं।

# ऐसे किरदार चाहती हूं जो घर से निकलने पर मजबूर करें

प्रतिष्ठित कपूर खानदान की बड़ी बेटी करिश्मा कपूर ने बॉलीवुड में अच्छी पहचान बनाई है। 25 जून को 50 वर्ष की हुई करिश्मा ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। अब वह ओटटी पर भी कदम रख चुकी हैं। करिश्मा कपूर का कहना है कि वे ऐसे किरदार चुनना पसंद करती हैं, जो उन्हें घर से बाहर निकलने और सेट पर पहुंचने के लिए मजबूर कर दें। करिश्मा का कहना है कि वह चुनिंदा काम करना पसंद करती हैं, जो उन्हें सहज रखे और उनके पास ऐसा करने का विकल्प है वे इसके लिए शुक्रगुजार हैं। करिश्मा के मुताबिक, मैं अपनी पसंद से चुनिंदा काम करती हूं, मैं लकी हूं कि मैं ऐसी स्थिति में हूं जहां मैं किसी प्रोजेक्ट के लिए हां या ना कह सकती हूं। करिश्मा ने कहा, मैं दिलचस्प किरदार करना चाहती हूं, ऐसे रोल जो मुझे घर से बाहर निकलने पर मजबूर कर दें।



# विवेक अग्निहोत्री ने उठाया वास्तविक दर्द का फायदा


विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स साल 2022 में रिलीज हुई थी। तमाम विवादों के बाद भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया था। दर्शकों और समीक्षकों समेत कई फिल्मी हस्तियों ने भी इसे सराहा था। हालांकि, अब इसके आलोचकों में एक और नया नाम जुड़ गया है। अभिनेता गुलशन देवैया ने लोगों के पुराने दर्द को कुरेदने के लिए फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री की आलोचना की है। गुलशन देवैया हेट स्टोरी पर फिल्म निर्माता के साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, उन्हें निर्माता की मार्केटिंग करने का तरीका पसंद नहीं आया। एक इंटरव्यू में अभिनेता ने कहा, वह एक मार्केटिंग आदमी हैं और उनके बहुत सारे अनुयायी हैं। एक फिल्म निर्माता और एक लेखक के रूप में वह अब बेहद सफल हैं। लेकिन हां, कुछ चीजें हैं जिनकी मैं आलोचना करता हूं। गुलशन देवैया ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं द कश्मीर फाइल्स के बारे में जो उदाहरण लिख रहा था, उसमें उन लोगों के बहुत सारे फुटेज का उपयोग किया गया है जो उस दर्द से गुजरे हैं। जिन लोगों ने फिल्म देखी, उन्हें कश्मीरी पंडितों के पलायन का समय और उनके साथ क्या-क्या हुआ, याद आ गया। इसलिए वे उसे प्रचार के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे थे। मुझे लगता है कि यह शोषण है। उन्होंने आगे कहा, आप किसी के वास्तविक दर्द और आघात का फायदा उठा रहे हैं। मुझे लगता है कि आप अपनी फिल्म का प्रचार करने के लिए पलायन का दर्द झेल चुके कश्मीरी पंडितों की वास्तविक भावनाओं का शोषण कर रहे हैं। इस एक बात पर मैं उस फिल्म को लेकर क्रिटिकल हूं। अन्यथा, यह एक अच्छी फिल्म थी और मुझे लगता है कि वह एक अच्छे निर्देशक हैं।



# अपनी फिटनेस से कोई समझौता नहीं करती हैं शरवरी वाघ

शरवरी वाघ इन दिनों अपनी फिल्म मुंजा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बॉक्स ऑफिस पर शरवरी वाघ की फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहीं शरवरी वाघ को आज जिम से निकलते हुए स्पॉट किया गया। शरवरी वाघ कैजुअल लुक में काफी प्यारी लग रही थीं। शरवरी वाघ ने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों को हाई पोनी अंदाज में बांधा था।





# पूर्व पत्नी कोंकणा संग मिलकर पाल रहे हैं बेटे को रणवीर, बोले अपनी जिंदगी में खुश हूं

अभिनेता रणवीर शौरी इन दिनों बिग बॉस ओटीटी 3 में सुर्खियां बटोर रहे हैं। वे बिग बॉस के घर में बेबाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। रणवीर धीरे-धीरे अरमान मलिक के संग खुलने लगे हैं। शो के नए एपिसोड में वे अपनी पूर्व पत्नी कोंकणा सेन शर्मा और अपने बेटे के बारे में बातें करते नजर आए। उन्होंने अरमान को बताया कि वे किस तरह की जिंदगी बिग बॉस के घर से बाहर जीते हैं।

### मैं अकेला ही रहता हूं

बिग बॉस ओटीटी 3 शुरू हो चुका है और हर दिन इस शो से जुड़ी बातें सुर्खियां बटोर रही है। बिग बॉस ओटीटी 3 के नए एपिसोड में प्रतियोगी अरमान मलिक और रणवीर शौरी आपस बातें करते नजर आते हैं। रणवीर कहते हैं, घर पर तो अकेला मैं हूं। मेरा मतलब मेरा बेटा आधा टाइम मेरे साथ होता है और आधा टाइम अपनी मां के साथ और बचे हुए समय में वह आता-जाता रहता है। बच्चे के लिए जो जरुरी है वह हमदोनों ही करते हैं।

### रोमांटिक रिश्ते के लिए समय नहीं

रणवीर शौरी से जब अरमान मालिक पूछते हैं कि क्या वे किसी और को अपनी जिंदगी में आने देने को तैयार हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेता कहते हैं, मैं अपनी जिंदगी में काफी खुश हूं और उससे भी ज्यादा मैं संतुष्ट हूं। मुझे नहीं लगता है कि मैं अभी किसी रोमांटिक रिश्ते में बंधने के लिए तैयार हूं। मैं अपने काम में ही इतना खोया रहता हूं कि किसी और चीज के लिए समय नहीं मिलता है।

### कोंकणा के साथ किया था कई फिल्मों में काम

रणवीर शौरी और कोंकणा सेन शर्मा ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया था। दोनों ने सितंबर 2010 में की थी। शादी के कुछ ही समय बाद रणवीर और कोंकणा एक प्यारे से बेटे के माता-पिता बने थे। हालांकि बेटे के जन्म के कुछ समय बाद ही दोनों अलग हो गए थे और अब दोनों मिलकर बेटे को को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। कोंकणा और रणवीर ने रजत कपूर द्वारा निर्देशित मिक्स्ड डबल्स और आजा नचले जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है।



# वरुण धवन ने बेबी जॉन में खुद ही किए खतरनाक स्टंट

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। सूत्रों के मुताबिक वरुण ने फिल्म में खतरनाक स्टंट खुद ही किए हैं। एक सूत्र ने कहा, यह क्रिसमस बेबी जॉन के साथ बेहतरीन एक्शन एंटरटेनर होने वाला है। फिल्म में ज्यादातर स्टंट वरुण ने खुद ही किए हैं, जो आपको चौंका देंगे। फिल्म में दमदार एक्शन इसे साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर मूवीज में से एक बनाते हैं। हाल ही में फिल्म को नई रिलीज डेट मिली। यह फिल्म पहले 31 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। मेकर्स ने अपडेट जारी करते हुए बताया कि यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को बेबी जॉन की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए। इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी। इसके अलावा फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है। फिल्म का निर्माण एटली के ए फॉर एप्पल स्टूडियोज, सिने1 स्टूडियोज और जियो स्टूडियोज के बैनर तले हो रहा है। इसे प्रिया एटली, मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। वरुण धवन को अब से पहले नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रोमांटिक ड्रामा बवाल में देखा गया था, इसमें जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में थीं। यह फिल्म बीते साल 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। उन्होंने हॉरर कॉमेडी मुंज्या में भी कैमियो किया।

# आशा नेगी ने कहा कि इंडस्ट्री ने शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से कराया परिचित

हाल ही में रिलीज हुए शो इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस आशा नेगी ने कहा कि यह सीरीज लोगों को शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराती है। हिंदी फिल्म उद्योग के अंदरूनी लोगों की झलक दिखाने वाली इस सीरीज के बारे में बात करते हुए आशा ने कहा कि शो इंडस्ट्री को बहुत अच्छी समीक्षाएं मिल रही हैं और खास तौर पर इंडस्ट्री के लोगों से इसे काफी सराहना मिल रही है, क्योंकि यह हर किसी से मेल खाती है। अपने किरदार को लेकर आशा ने कहा कि लोग उनके महत्वाकांक्षी किरदार सान्या सेन से जुड़ रहे हैं। अब तक फीडबैक बहुत बढ़िया रहा है। बहुत से लोग, खास तौर पर इंडस्ट्री के लोग मेरे किरदार से जुड़ रहे हैं। टीवी शो पवित्र रिश्ता से चर्चा में आई एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि इंडस्ट्री पर्दे के पीछे के संघर्षों को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि उद्योग से बाहर के लोगों को यह शो दिखाता है कि बाहर से ग्लैमरस दिखने वाली इस इंडस्ट्री के पीछे कड़ी मेहनत और संघर्ष होता है। इस ग्लैमर में बहुत धैर्य, कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष छिपा है।

